RNI : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

● वर्ष-01 ● अंक- 159 ● भिलाई, सोमवार 29 दिसम्बर 2025 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ संख्या-8 ● मूल्य - 2 रुपया ● संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

## संक्षिप्त समाचार

### कमरे में अंगीठी जलाना पड़ा महंगा,दम घुटने से चार की मौत

**छपरा।** बिहार के सारण जिले के भगवान बाजार थाना क्षेत्र में एक घर के लोगों को ठंड से बचने के लिए कमरे में अंगीठी जलाकर सोना महंगा पड़ गया। अंगीठी के धुएं से दम घुटने से चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह हादसा अंबिका भवानी कॉलोनी, भारत मिलाप चौक के पास हुआ। ठंड से बचने के लिए घर के अंदर जलाई गई अंगीठी से निकले जहरीले धुएं ने एक ही परिवार के चार लोगों की जान ले ली, जबकि पांच अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों में एक वृद्ध महिला और तीन मासूम बच्चे शामिल हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि परिवार के सदस्य रात में ठंड अधिक होने के कारण कमरे में अंगीठी जलाकर सो गए। बंद कमरे में अंगीठी का धुआं फैलने से गैस जमा हो गई, जिससे सभी लोग बेहोश हो गए। उन्होंने बताया कि रात में इस घटना की किसी को जानकारी नहीं हो पाई। शनिवार सुबह जब अन्य लोगों ने अपने कमरे का दरवाजा खोला तो कुछ लोग अचेत अवस्था में मिले, जबकि चार की मौत हो चुकी थी।

### 5 साल की बच्ची के रेप-मर्डर दोषी की फांसी उम्रकैद में बदली

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा के पलवल जिले में पांच साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में एक अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने मामले के दोषी की मौत की सजा (फांसी) को उम्रकैद में तब्दील कर दिया है। इसके साथ ही, कोर्ट ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए जुर्माने की राशि बढ़ाकर 30 लाख रुपये कर दी है। अदालत ने निर्देश दिया है कि यह पूरी राशि मुआवजे के तौर पर पीड़ित बच्ची के माता-पिता और भाई-बहनों को बराबर बांटी जाए। कोर्ट का कहना था कि न्याय प्रणाली का मकसद सिर्फ सजा देना नहीं, बल्कि पीड़ित परिवार को हर संभव राहत देना भी है। जस्टिस अनूप चितकारा और जस्टिस सुखविंदर कौर की बेंच ने यह फैसला ट्रायल कोर्ट द्वारा भेजे गए 'डेथ रेफरेंस' और दोषी की अपील पर सुनवाई के बाद दिया। इस मामले में एक बेहद चौंकाने वाला और मानवीय पहलू दोषी की मां से जुड़ा रहा।

पीएम मोदी ने की मन की बात

# भारत की उम्मीदों की वजह युवा शक्ति-पीएम मोदी

नई दिल्ली/ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 129वें एपिसोड में देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने इस साल सेना का शौर्य बना ऑपरेशन सिंदूर, स्वतंत्रता सेनानी पार्वती गिरि, एंटीबायोटिक दवाओं, कश्मीर के बारामूला में मिले बौद्ध स्तूपों के अवशेष और देश में युवा की भागेदारी समेत कई अहम मुद्दों पर बातचीत की। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ ही दिनों में साल 2026 दस्तक देने वाला है और इस दौरान पूरे एक साल की यादें मन में घूम रही हैं। 2025 ने ऐसे कई पल दिए, जिस पर हर भारतीय को गर्व हुआ। भारत ने हर जगह अपनी मजबूत छाप छोड़ी। पीएम मोदी ने आगे कहा कि हमारे देश की सबसे खूबसूरत बात ये है कि सालभर हर समय देश के किसी-ना-किसी हिस्से में उत्सव का माहौल रहता है 7 अलग-अलग पर्व-त्योहार तो हैं ही, साथ ही विभिन्न राज्यों के स्थानीय उत्सव भी आयोजित होते रहते हैं। यानि, अगर आप घूमने का मन बनाएं, तो हर समय, देश का कोई-ना-कोई कोना अपने उत्सव के साथ तैयार मिलेगा। पीएम मोदी ने इस दौरान स्वतंत्रता सेनानी पार्वती गिरी को याद किया। उन्होंने कहा कि अगले महीने हम देश का 77वां गणतंत्र दिवस मनाएंगे। जब भी ऐसे अवसर आते हैं, तो हमारा मन स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निर्माताओं के प्रति कृतज्ञता के भाव से भर जाता है 7 हमारे देश ने आजादी पाने के लिए लंबा संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि आजादी



के आंदोलन में देश के हर हिस्से के लोगों ने अपना योगदान दिया है 7 लेकिन, दुर्भाग्य से आजादी के अनेकों नायक-नायिकाओं को वो सम्मान नहीं मिला, जो उन्हें मिलना चाहिए था। पीएम मोदी ने पार्वती गिरि को याद करते हुए कहा कि ऐसी ही एक स्वतंत्रता सेनानी हैं ओडिशा की पार्वती गिरि जी। जनवरी 2026 में उनकी जन्म-शताब्दी मनाई जाएगी 7 उन्होंने 16 वर्ष की आयु में 'भारत छोड़ो आंदोलन' में हिस्सा लिया था। साथियो, आजादी के आंदोलन के बाद पार्वती गिरि जी ने अपना जीवन समाज सेवा और जनजातीय कल्याण को समर्पित कर दिया था। उन्होंने कई अनाथालयों की स्थापना की। उनका प्रेरक जीवन हर पीढ़ी का मार्गदर्शन करता रहेगा। मन की बात के इस साल के आखिरी कार्यक्रम में पीएम मोदी ने एंटीबायोटिक दवाओं के सेवन को लेकर अहम बातें की। उन्होंने कहा कि आईसीएमआर (इंडियन काउंसिल ऑफमेडिकल रिसर्च) ने हाल ही में एक जारी रिपोर्ट जारी की है 7 इसमें बताया गया है कि निमोनिया और यूटीआई जैसी कई बीमारियों के खिलाफ एंटीबायोटिक दवाएं कमजोर साबित हो रही हैं। हम सभी के लिए यह बहुत ही चिंताजनक है।

### मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जनप्रतिनिधियों संग 'मन की बात' कार्यक्रम की 129वीं कड़ी का श्रवण

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास में जनप्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 129वीं कड़ी का श्रवण किया। इस अवसर पर सांसद श्री संतोष पाण्डेय, विधायक श्री प्रबोध



मिंज एवं विधायक श्री पुरंदर मिश्रा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वर्ष के अंतिम 'मन की बात' में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी अपनाने, देश में निर्मित उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने तथा बिना चिकित्सकीय परामर्श के एंटीबायोटिक दवाओं के सेवन से बचने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर राष्ट्र को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' के माध्यम से प्रधानमंत्री निरंतर जनभागीदारी, नवाचार, आत्मनिर्भरता, स्वास्थ्य जागरूकता और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को सशक्त बनाते हैं।

सत्ता कम है रीढ़ सीधी है

# भाजपा के पास सत्ता तो है लेकिन सच्चाई नहीं है-मल्लिकार्जुन खड़गे

नई दिल्ली/ एजेंसी

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर दिल्ली में राजनीतिक पारा गरमा गया। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंदिरा भवन में आयोजित समारोह में भाजपा और मोदी सरकार पर करारा प्रहार किया। उन्होंने आलोचकों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि जो लोग सोचते हैं कांग्रेस खत्म हो गई है, वे गलतफहमी में हैं। खड़गे ने हुंकार भरते हुए कहा कि भले ही हमारे पास सत्ता कम हो, लेकिन कांग्रेस की रीढ़ आज भी सीधी है और हम अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं करेंगे। खड़गे ने



अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि कांग्रेस ने कभी भी सत्ता पाने के लिए सौदेबाजी नहीं की और न ही कभी संविधान, धर्मनिरपेक्षता और गरीबों के अधिकारों से कोई समझौता किया। उन्होंने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जहां कांग्रेस देश को जोड़ने का काम करती है, वहीं भाजपा तोड़ने की राजनीति में विश्वास रखती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के पास सत्ता तो है लेकिन सच्चाई नहीं है। यही कारण है कि सरकार कभी आंकड़े छिपाती है, कभी जनगणना रोकती है और कभी संविधान बदलने की बातें करती है। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा धर्म को आस्था तक सीमित रखा। लेकिन कुछ लोगों ने इसे राजनीति का हथियार बना दिया है और मंदिर-मस्जिद के नाम पर नफरत फैलाई है। अपने संबोधन में खड़गे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा के इतिहास को लेकर गंभीर सवाल उठाए।

### राजस्थान में कोहरे की चादर, सर्द हवाओं का कहर; भीलवाड़ा में ट्रक से टकराई बोलेरो

**जयपुर।** राजस्थान में सर्दी ने पूरे जोर पकड़ लिया है। शनिवार सुबह प्रदेश के कई जिलों में घना कोहरा छाया रहा, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। कहीं ओस की मोटी परत जमी तो कहीं बर्फीली हवाओं ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया। कोहरे की वजह से भीलवाड़ा जिले में बड़ा सड़क हादसा भी हो गया। भीलवाड़ा के मांडल क्षेत्र में घने कोहरे के कारण बिजली विभाग की बोलेरो आगे चल रहे ट्रक से जा टकराई। हादसे के समय विजिबिलिटी महज 20 मीटर रह गई थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में बिजली विभाग के दो कर्मचारी घायल हो गए।

फिर हुई पाकिस्तान की किरकिरी

# ऑपरेशन सिंदूर के समय बंकरों में छिपी थी पाक सेना-जरदारी..

इस्लामाबाद/ एजेंसी

आतंकियों के पनाहगार पाकिस्तान को हमेशा से ही अपनी बुजदिल हरकतों के चलते वैश्विक मंच पर शर्मसार होना पड़ता है। ऐसे में एक बार फिर ऐसी स्थिति तब आई जब 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान अपनी ताकत का झूठा बखान करने वाला नापाक पड़ोसी पाकिस्तान की सेना और उसके हालात को लेकर नया और चौंकाने वाला खुलासा हुआ। ये खुलासा किसी और ने नहीं खुद पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफअली जरदारी ने किया है।पाकिस्तानी राष्ट्रपति जरदारी ने बताया कि कैसे



ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना बंकर में छिपी हुई थी। एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान जरदारी ने यह स्वीकार किया कि तनाव के हालात में पाकिस्तान की सेना बंकरों में छिपी हुई थी और उन्हें खुद भी बंकर में रहने की सलाह दी गई थी। बता दें कि राष्ट्रपति जरदारी का यह बयान पाकिस्तान की कमजोर स्थिति को उजागर करता है। गंभीर आर्थिक संकट, बढ़ती महंगाई और कर्ज में डूबे पाकिस्तान के पास न तो मजबूत अर्थव्यवस्था है और न ही लंबी सैन्य तैयारी की क्षमता। ऐसे में पाकिस्तानी सेना के बंकरों में छिपने की बात यह दिखाती है कि पाकिस्तान अंदर से असुरक्षित और दबाव में है। पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने 6-7 मई की दरमियानी रात को भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए थे।

बांग्लादेश ने मेघालय लिंक का खुलासा

# उस्मान हादी के हत्यारे भारत में छिपे हुए है ?

**बांग्लादेशी।** राजनीतिक कार्यकर्ता उस्मान हादी की हत्या के मामले में एक बड़ा खुलासा हुआ है। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के अनुसार, हत्या के दो मुख्य संदिग्ध, फैसल करीम मसूद और आलमगीर शेख, वारदात को अंजाम देने के बाद भारत भाग गए हैं। अतिरिक्त कमिश्नर एसएन नजरुल इस्लाम ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि संदिग्धों ने मैमनसिंह के हालुआघाट सीमा के रास्ते अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया।सीमा पार करने के बाद उन्हें 'पूर्ति' नाम के एक व्यक्ति ने रिसीव किया। इसके बाद 'सामी' नाम के एक टैक्सी ड्राइवर ने उन्हें मेघालय



के तुरा शहर तक पहुंचाया। पुलिस को जानकारी मिली है कि भारतीय अधिकारियों ने संदिग्धों की मदद करने वाले इन दोनों व्यक्तियों (पूर्ति और सामी) को हिरासत में ले लिया है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। उस्मान हादी

### आप सांसद मीत हेयर के घर गूंजी किलकारियां

**संगरूर।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पंजाब की संगरूर सीट से सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर के घर खुशियों ने दस्तक दी है। मीत हेयर पिता बन गए हैं। उनकी पत्नी डॉ. गुरवीन कौर ने एक स्वस्थ बेटे को जन्म दिया है। घर में नन्हे मेहमान के आने से परिवार और समर्थकों में जश्न का माहौल है। नन्हे मेहमान के आगमन पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों और विधायकों ने मीत हेयर और उनके परिवार को शुभकामनाएं दी हैं। समर्थकों ने भी कमेंट्स के जरिए अपनी खुशी का इजहार किया है। गौरतलब है कि मीत हेयर और डॉ. गुरवीन कौर की शादी पिछले साल नवंबर 2023 में धूमधाम से हुई थी।

देश की सुरक्षा पहले

# तीन से चार फीट बर्फके बीच एलओसी पर जवानों का हौसला बुलंद,दुश्मनों के हर हरकत पर रखी कड़ी नजर

**श्रीनगर।** हाड़ कंपा देने वाली सर्दी...। दूर-दूर तक तीन से चार फीट तक जमी बर्फ..। ये नजारे हैं इन दिनों कुपवाड़ा और बांदीपोरा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के। हालात ऐसे कि हिम्मत जवाब दे दे। मौसम की चुनौतियों के बीच आतंकी घुसपैठ न कर सकें इसके लिए सेना और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने गश्त बढ़ा दी है। जवानों का जोश भी हाई है। नियमित गश्त करने के साथ ही वे दुश्मन की हर हरकत पर नजर रख रहे हैं। चिल्लेकलां के बीच कश्मीर में भीषण सर्दी की शुरुआत हो गई है। पहाड़ी क्षेत्रों विशेषकर नियंत्रण रेखा (एलओसी) से सटे पहाड़ों



पर 3-4 बार बर्फबारी हो चुकी है। खूफिया सूचनाओं के अनुसार कश्मीर घाटी से सटी एलओसी के उस पार पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में विभिन्न लॉन्चिंग पैड पर करीब 150 आतंकवादी घुसपैठ करने के लिए तैयार बैठे हैं। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इसके कुपवाड़ा, बारामुला और बांदीपोरा जिलों में जवान हाई अलर्ट पर हैं। अधिकारी ने बताया कि बर्फबारी में हमारे जवानों की मूवमेंट ट्रैक न हो सके इसके लिए वे विशेष सफेद यूनिफॉर्म पहन रहे हैं। इससे वे दुश्मन को नजर नहीं आते । किसी भी गतिविधि का पता चलते ही तुरंत टीमें सक्रिय हो जाती हैं और क्रॉस चेक करने के साथ ही कार्रवाई करती हैं। जवानों ने बताया कि दुश्मन के खतरे के अलावा बर्फीले तूफानों व हिमस्खलन का खतरा रहता है। कई फीट तक जमी बर्फ में रस्सी पकड़कर एक कतार में गश्त करते हैं ताकि एक-दूसरे की सुरक्षा को सुनिश्चित हो सके। अब बर्फबारी में भी घुसपैठ की कोशिश पहले पाकिस्तान में बैठे आतंकी आका बर्फबारी से पहले घुसपैठ कराने की कोशिश करते थे।

कांग्रेस का सियासी पारा हाई

# दिग्विजय सिंह के विचारों का शशि थरूर ने किया समर्थन,कहा-संगठन को मजबूत किया जाना चाहिए

नई दिल्ली/ एजेंसी

कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को आयोजित पार्टी के 140वें स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान शशि थरूर ने अपने पार्टी सहयोगी दिग्विजय सिंह के विचारों का समर्थन करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान थरूर, पार्टी के इंदिरा भवन मुख्यालय में दिग्विजय सिंह के बगल में बैठे थे। दिग्विजय सिंह ने शनिवार को उस समय राजनीतिक हलचल मचा दी थी, जब उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की संगठनात्मक ताकत की सराहना की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक पुरानी तस्वीर साझा करते हुए कहा था कि किस तरह एक जमीनी कार्यकर्ता अपने नेताओं के चरणों में बैठकर सीखता हुआ मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री बना। उन्होंने कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का मुद्दा भी उठाया और कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा से मुकाबले



और उसे सत्ता से हटाने के लिए यह बेहद जरूरी है। सिंह की इस टिप्पणी के एक दिन बाद जब थरूर से इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने कहा, ''संगठन को मजबूत किया जाना चाहिए, इसमें कोई संदेह नहीं है।'' जब उनसे दिग्विजय सिंह के बगल में बैठने और दोनों के बीच इस विषय पर चर्चा होने के बारे में पूछा गया तो थरूर ने कहा, ''हम आपस में बात करते रहते हैं, हम मित्र हैं और एक-दूसरे से बातचीत करते रहते हैं। उन्होंने आगे कहा, ''आज कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस है। यह पार्टी के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण अवसर है। यह वह दिन है जब हम अपने गौरवशाली इतिहास और देश के लिए पार्टी के योगदान को याद करते हैं। थरूर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना की 140वीं वर्षगांठ है। यह वही संगठन है जिसने ब्रिटिश शासन से भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई का नेतृत्व करने में निर्णायक भूमिका निभाई। उन्होंने लिखा, ''वर्ष 1885 में अपने पहले अधिवेशन से लेकर आज तक, कांग्रेस पार्टी देश की लोकतांत्रिक यात्रा और राजनीतिक विकास की एक मजबूत आधारशिला बनी हुई है। आज इंदिरा भवन में यह अवसर गंभीरता और आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया।

### खतरे में बांग्लादेश में हिंदुओं की पहचान,तुरंत एक्शन ले भारत-धीरेन्द्र

**नई दिल्ली।** आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री ने बांग्लादेश में हिंदुओं के विरुद्ध बढ़ती हिंसा पर भारत सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो बांग्लादेशी हिंदुओं की पहचान खतरे में पड़ जाएगी। बागेश्वर धाम सरकार ने असुरक्षित अल्पसंख्यकों को भारत में शरण देने का सुझाव देते हुए हिंदू एकता पर बल दिया। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा की खबरों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए, बागेश्वर धाम सरकार आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री ने केंद्र सरकार से पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए



महत्वपूर्ण कदम उठाने का आग्रह किया। शास्त्री ने जोर देकर कहा कि अगर सरकार इस मामले में कार्रवाई नहीं करती है, तो बांग्लादेश में हिंदुओं की पहचान खतरे में पड़ जाएगी। शास्त्री की ये टिप्पणी बांग्लादेश में जारी हिंसा में अमृत मंडल और दीपू चंद्र दास की हालिया हत्याओं के संदर्भ में आई है।

CMYK

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य को सफलतापूर्वक एवं निर्बाध रूप से संपन्न कराने हेतु कलेक्टर दिव्या मिश्रा द्वारा की जा रही है धान खरीदी केन्द्रों में सघन दौरा

## गुरूर विकासखण्ड के विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का किया गहन पड़ताल

- **आदिम जाति सहकारी समिति मोखा के समिति प्रबधंक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए निर्देश-**

**बालोद।** राज्य शासन के महत्वाकांक्षी धान खरीदी योजना के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को बालोद जिले में सफलतापूर्वक एवं बिना किसी अवरोध के निर्बाध रूप से संपन्न कराने हेतु कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा जिले के सभी ब्लाकों के धान खरीदी केन्द्रों का निरंतर सघन दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। जिससे की वास्तविक किसानों के वास्तविक रकबे के अनुसार शत प्रतिशत धान की खरीदी सुनिश्चित होने के साथ-साथ धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके अंतर्गत शुक्रवार को कलेक्टर दिव्या मिश्रा गुरूर ब्लॉक के धनेली, मोखा, हितेकसा एवं नारागांव धान खरीदी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहन पड़ताल किया। इस दौरान





कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने सभी धान खरीदी केन्द्रों में अब तक खरीदे गए धान की कुल मात्रा, धान खरीदी की कुल लक्ष्य ,धान खरीदी केन्द्रों में शामिल गांव की औसत उपज, रकबा समर्पण की स्थिति निगरानी समिति के सदस्यों के कार्य तथा धान खरीदी केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

### बारदानों की ठीक से सत्यापन नही कराने पर कलेक्टर ने की गहरी नाराजगी व्यक्त

इस दौरान कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी पात्र कृषक निर्धारित रकबे के आधार पर धान की बि ी करने से वंचित न रहे। इसके साथ ही किसी भी स्थिति में व्यापारियों, कोचियों आदि से धान की खरीदी न हो पाए। इसके लिए उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों को पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने रकबा समर्पण के कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए किसानों द्वारा अपने धान की बि ी के पश्चात् उनके पास धान उपलब्ध नही होने पर उन्हें अनिवार्य रूप से रकबा समर्पण कराने के निर्देश भी दिए। उन्होने धान खरीदी केन्द्र मोखा के निरीक्षण के दौरान धान खरीदी के उपरांत स्टेक में रखे गए बारदानों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ बारदानों की स्थिति ठीक नही पाए जाने तथा बारदानों की ठीक से सत्यापन नही कराने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। इस कार्य के लिए उन्होंने समिति प्रबंधक की जिम्मेदारी तय करते हुए धान खरीदी केन्द्र मोखा के समिति प्रबंधक राधेलाल साहू को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान एसडीएम गुरूर आरके सोनकर, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं आरपी राठिया, तहसीलदार हनुमंत श्याम, मंडी सचिव सहित संबंधित विभाग के अन्य अधिकारियों के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं कृषकगण उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने किसानों से बातचीत कर ली जानकारी

कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्र धनेली के निरीक्षण के दौरान अपने धान की बिक्री करने पहुँचे किसान विद्यादेवी से बातचीत कर बि ी हेतु लाए गए धान की कुल मात्रा एवं कुल जमीन आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में ढेर करके रखे गए किसान विद्यादेवी के धान का भी अवलोकन किया। उन्होंने नमी मापक यंत्र के माध्यम धान की नमी की मात्रा का जाँच कराया। इस दौरान कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्र धनेली में पहले टोकन से धान बेचने के उपरांत दूसरे टोकन से बिक्री के लिए धान लाने वाले किसान रामनारायण से भी बातचीत की। किसान रामनाथ के द्वारा उनके पास कुल 4 एकड़ 88 डिसमिल कृषि भूमि होने की जानकारी दी। किसान रामनारायण ने बताया कि पहले टोकन के माध्यम से उन्हें 40 क्विंटल धान की बिक्री की है। इसके बाद वे दूसरे टोकन के माध्यम से लगभग 40 क्विंटल धान बिक्री हेतु लाने की जानकारी दी। उन्होंने मौके पर उपस्थित निगरानी समिति के सदस्य एवं हल्का पटवारी से दूसरे टोकन कटाने वाले किसानों के घरों में पहुँचकर उपलब्ध धानों के भौतिक सत्यापन के कार्य के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने निगरानी दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों को पहले टोकन में धान बिक्री के उपरांत धान बिक्री के लिए दूसरे एवं तीसरे टोकन कटाने वाले किसानों के घरों में पहुँचकर उपलब्ध धान का अनिवार्य रूप से भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए।

### रकबा समर्पण के कार्य को अभियान चलाकर करें पूर्ण

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्रों में खरीदी के उपरांत स्टेक में रखे गए धान बोरों की तौलाई भी कराई। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में अब तक कराए गए कुल रकबा समर्पण के संबंध में जानकारी लेते हुए इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पहले या दूसरे टोकन के माध्यम से धान बि ी के पश्चात निर्धारित रकबा के अनुसार किसान के पास बिक्री हेतु और धान उपलब्ध नही होने पर अनिवार्य रूप से रकबा समर्पण कराने के निर्देश भी दिए। इस दौरान कलेक्टर दिव्या मिश्रा एवं अधिकारियों ने धान खरीदी केन्द्रों के दस्तोवजों का अवलोकन कर पंजीकृत किसानों की कुल संख्या, ग्रामवार कुल रकबा, धान खरीदी के कुल लक्ष्य, औसत उत्पादन आदि का गहन पड़ताल किया। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित एसडीएम आरके सोनकर को रकबा समर्पण के कार्य को अभियान चलाकर पूरा करने को कहा। इस दौरान कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने मौके पर उपस्थित किसानों से बातचीत कर व्यवस्थाओं के संबंध में भी बातचीत की। धान खरीदी केन्द्र नारागांव में किसानों ने धान खरीदी केन्द्र तक पहुँच मार्ग, शौचालय निर्माण तथा अधोसंरचना से जुड़े चीजों की पूर्ति करने की मांग की। कलेक्टर ने किसानों को उनके मांगों को पूरा करने हेतु समुचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया एवं मौके पर उपस्थित एसडीएम रामसिंह सोनकर को इसके लिए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर उपस्थित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के पर्यवेक्षक को धान खरीदी केन्द्र हितेकसा एवं नारागांव का नियमित निरीक्षण कर इन केन्द्रों में धान खरीदी के कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

# ग्राम देवरी में श्रीमद् भागवत महापुराण 24 से

**तिल्दा-नेवरा।** पाटकर परिवार घर से शाहडा देवता, महामाई और तालाब से होते हुए वापस पाटकर परिवार घर तक पहुंची कलश यात्रा श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ समारोह 24 दिसंबर से 1 जनवरी 2026 तक ग्राम देवरी, तिल्दा (नेवरा) में आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ, जो पाटकर परिवार घर से शाहदा देवता, महामाई और तालाब से होते हुए वापस पाटकर परिवार घर तक पहुंची। इस सप्ताह भर चलने वाले समारोह में प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से श्री राधे कृपा तक कथा का आयोजन होगा। कथा वाचक पं. गौरव पांडेय, लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.) होंगे। समारोह के दौरान विभिन्न प्रसंगों का वर्णन



किया जाएगा, जिनमें गौकर्ण धुंधकारी कथा, कपिल देवहुति संवाद, सती ध्रुव चरित्र, गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, मोहिनी अवतार, वामन, श्रीराम, श्रीकृष्ण जन्म, राजसू यज्ञ, सुदामा चरित्र, गीता सार, यज्ञ पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा स्नान एवं प्रसाद वितरण शामिल हैं। इस समारोह का उददेश्य लोक कल्याण और मंगल प्रदाला ज्ञान प्रदान करना है, जिसमें सपरिवार इष्ट मित्रों सहित पधार कर कथा श्रवण करते हुए हमें अनुग्रहित करें।

# जिलाध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने महिला मोर्चा विस्तार का रोडमैप विधायक ईश्वर साहू के साथ साझा किया

**प्रज्ञा निर्वाणी विधायक साजा को भेंट की हिंदू बनाम हिंदू किताब**

**बेमेतरा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा बेमेतरा की नव-नियुक्त जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने साजा विधानसभा के विधायक ईश्वर साहू से शिष्टाचार मुलाक़ात कर संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण विमर्श किया।

इस अवसर पर विधायक साहू की धर्मपत्नी सती साहू ने भी सौजन्य उपस्थिति दर्ज की और महिला मोर्चा के ग्रामीण विस्तार में सक्रिय सहयोग का आश्वासन दिया, मुलाकात के दौरान विधायक ईश्वर साहू ने सपत्नीक नव-निर्वाचित जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी का शॉल ओढ़ाकर अभिवादन किया, वहीं प्रज्ञा निर्वाणी ने उन्हें 'हिन्दू बनाम हिन्दू' शीर्षक पुस्तक भेंट की,राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह भेंट सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि सामाजिक-राजनीतिक विमर्श की गंभीर दिशा का संकेत है। बिरनपुर कांड के बाद अपने युवा पुत्र को खोने की असहनीय पीड़ा को शक्ति में बदलते हुए, प्रदेश राजनीति में अप्रत्याशित विजय दर्ज कर विधायक ईश्वर साहू ने जिस राजनीतिक धैर्य और जनसमर्पण का



परिचय दिया उसी पृष्ठभूमि में यह संवाद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विधायक ईश्वर साहू ने कहा हमारी राजनीति व्यक्तिगत स्वार्थ नहीं, बल्कि समाज और संगठन के प्रति समर्पण की राजनीति है। महिला मोर्चा संगठन की मेरुदंड है गाँव-गाँव तक महिला नेतृत्व को सशक्त करने के हर प्रयास में मैं पूर्ण सहयोग दूँगा।साजा, पारपोडी और थानखम्हरिया क्षेत्र की हर पंचायत में संगठन सुदृढ़ हो इसके लिए संगठन को पूरा सहयोग प्रदान करेंगे। वही प्रज्ञा निर्वाणी ने विधायक ईश्वर साहू को भरोसा दिलाया है कि साजा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक पंचायत में महिला मोर्चा की मजबूत एवं अनुशासित टीम तैयार की जाएगी, ग्रामीण महिलाओं के नेतृत्व को सामने लाकर संगठन को नई ऊर्जा देंगे और पार्टी को बूथ स्तर तक मज़बूत करने की दिशा में निरंतर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विधानसभा क्षेत्र के संगठनात्मक दौरों, ग्राम स्तरीय बैठकों और महिला संवाद कार्यक्रमों में विधायक की धर्मपत्नी सती साहू भी साथ रहेंगी, जिससे ग्रामीण महिलाओं में आत्मविश्वास और सहभागिता का दायरा और विस्तृत होगा। इस प्रस्ताव पर सती साहू ने अपनी सहर्ष सहमति जताई,साजा प्रवास के दौरान उन्होंने भाजपा नेता पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हरिशंकर टावरी और पत्रकार राजू शर्मा के यहाँ भी मिलने पहुँची जहाँ पहले से ही एकत्रित महिलाओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

# वनांचल बोड़ला की बेटियां हॉकी में रच रहीं इतिहास

**कवर्धा।** नगर पंचायत बोड़ला में आयोजित चार दिवसीय मुस्कान हॉकी कप राज्यस्तरीय प्रतियोगिता 2025-26 में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचकर उन्होंने राज्यभर से आए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनके खेल कौशल, अनुशासन एवं उत्साह की सराहना की। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ममतेश्वरी लहरें (बोड़ला), अनिशा साहू (राजनांदगांव), कोच चौहान सहित अन्य प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वनांचल क्षेत्र बोड़ला की बेटियाँ हॉकी के माध्यम से न केवल कबीरधाम जिले बल्कि पूरे






छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रही हैं, जो गर्व का विषय है।

अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बोड़ला क्षेत्र खेल प्रतिभाओं की नर्सरी बन चुका है। यहां की बेटियों का हॉकी में विशेष दबदबा है और वे निरंतर देश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्यस्तरीय प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनके तकनीकी कौशल को निखारने का अवसर प्रदान करती हैं। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने बताया कि नगर पंचायत बोड़ला में मिनी स्टेडियम का निर्माण किया गया है तथा खेल अधोसंरचना को और मजबूत करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं अभ्यास की सुविधा मिल सके। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जिले के विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की सुविधा विकसित की गई है और शीघ्र ही बोड़ला के विद्यालयों में भी इसका शुभारंभ किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके। उल्लेखनीय है कि वनांचल क्षेत्र बोड़ला हॉकी सहित विभिन्न खेलों की प्रतिभाओं के लिए जाना जाता है।

यहां के सैकड़ों खिलाड़ी नियमित अभ्यास कर रहे हैं, जिनमें से कई खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम में भी हो चुका है। मुस्कान हॉकी कप राज्यस्तरीय प्रतियोगिता से क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति नई ऊर्जा, उत्साह और प्रेरणा का संचार हुआ है।

# गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए बृजमोहन शिवरतन

## शांति, सत्य और साहस से समाज में परिवर्तन लाया जा सकता है : बृजमोहन अग्रवाल

**भाटापारा।** बाबा गुरु घासीदास के जयंती के पावन अवसर पर भाटापारा विधानसभा के ग्राम खोखली में बाबा गुरु घासीदास के पूजा अर्चना व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं छत्तीसगढ़ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल एवं शिवरतन शर्मा ने जैतखाम की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेश व क्षेत्र वासीयों के सुख समृद्धि व निरंतर प्रगति की कामना की और गुरु घासीदास बाबा के आदर्शों को स्मरण किया।



बृजमोहन अग्रवाल ने शुभकामनायें देते हुए कहा कि आज का यह दिन केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि यह संकल्प लेने का दिन है। गुरु घासीदास बाबा एक महान संत होने के साथ ही सामाजिक क्रांति के अग्रदूत भी थे। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि शांति, सत्य और साहस से समाज में परिवर्तन लाया जा सकता है। बाबा जी ने आज से सदियों पहले ऊंच-नीच, छुआछूत और भेदभाव के विरुद्ध जो अलख जगाई थी, वह हमारे समाज के लिए उतनी ही प्रासंगिक है। कार्यक्रम को शिवरतन शर्मा ने सम्बोधित कर कहा की बाबा का संदेश 'मनखे-मनखे' एक समान' बाबा गुरु घासीदास ने उस दौर में समाज को दिशा दिखाई जब समाज ऊंच-नीच, छुआछूत और पाखंड के अंधेरे में डूबा हुआ था।

उन्होंने गिरौदपुरी की तपोभूमि से एक ऐसा मंत्र दिया जिसने मानवता की परिभाषा ही बदल दी मनखे-मनखे एक समान। उन्होंने हमे सिखाया कि ईश्वर की नजर में कोई छोटा या बड़ा नहीं है। 'सतनाम' का मार्ग ही जीवन का असली मार्ग है। उन्होंने न केवल मनुष्यों बल्कि पशु-पक्षियों व अन्य जीवो के प्रति भी दया भाव रखने का संदेश दिया। हमारी सरकार बाबा गुरु घासीदास के बताए हुए मार्ग पर चलने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी आस्था का केंद्र गिरौदपुरी धाम न केवल एक तीर्थ है, बल्कि बाबा के विचारों की जीवंत पाठशाला है। सबका साथ, सबका विकास का हमारा संकल्प वास्तव में बाबा के समानता के संदेश का ही विस्तार है। जयंती के अवसर पर बहुत ही सुंदर पंथी नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर राकेश तिवारी, आनंद यादव, आशीष जायसवाल, आशीष टोडर, सतीश साहू, नंदकिशोर वैष्णव, सहित सामाजिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का 101 वी जयंती ग्राम सरोरा में श्रध्दांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया

**तिल्दा-नेवरा।** नगर के समीपस्थत ग्राम पंचायत सरोरा के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती सुशासन दिवस की गरिमामयी अवसर पर ग्राम पंचायत सरोरा के अटल चौक बजार पारा सरोरा में आयोजन पंचायत के तत्वधान में किया गया, जो कि पंचायत सरपंच उमेश्वरी विश्राम साहू, उपसरपंच बसंत सिंह विनोद, सचिव विष्णु देवांगन पंचगण और समस्त ग्रामीणों की उपस्थिती में भारत रत्न



अटल बिहारी वाजपेयी की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम को पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा संबोधित किया गया। उक्त अवसर पर सरपंच उमेश्वरी विश्राम साहू ने कहा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एक महान राजनेता सशक्त वक्ता कवि और बहुआयमी व्यक्तित्व के धनी थे। ईमानदारी संवेदना सिलता सवांद और समावेशी विकास को अपने जीवन और कार्य में अपनाये और विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के निर्माण में सकिय भागीदारी निभाई। वाजपेयी के जन्मदिन को शुसासन दिवस के रूप में सरोरा पंचायत के द्वारा में मनाया गया है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच उमेश्वरी विश्राम साहू, उपसरपंच बसंत सिंह विनोद, सचिव विष्णु देवांगन, पंच इंदु शेखर शर्मा, हरीश चंद्र साहू, ताराचंद्र पाल, रमेश पाल, चंद्र कुमार साहू, नरायण यदु, कुंजबिहारी अग्रवाल, जुड़ावन साहू, शयामलाल साहू व ग्रामवासियों की उपस्थिती रही।

# पोहा मिलों से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष तौर पर जुड़े 15-20 हजार कुशल और अकुशल श्रमिकों के भविष्य पर भी अनिश्चितता का खतरा, मिलों में तालाबंदी

**भाटापारा।** कमजोर आवक के चलते पोहा क्वालिटी वाला महामाया धान 2700 से 3000 रुपए क्विंटल पड़ रहा है। पोहा मिलें इस कीमत को बहुत ज्यादा मान रहीं हैं। ऐसा इसलिए भी क्योंकि यह भाव सीधे-सीधे न केवल उत्पादन की लागत बढ़ा रहा है, बल्कि पोहे की कीमत भी बढ़ा रहा है। इसका गहरा असर पोहे की घटती मांग के तौर पर सामने है। धान की बढ़ती कीमतों से पोहे की कीमत बढ़ना स्वाभाविक था पोहा की यही बढ़ी हुई कीमत छत्तीसगढ़ के पोहे की मांग अंतरराज्यीय बाजार में कमजोर कर रहीं हैं। आगे मध्यप्रदेश और गुजरात जैसे राज्य हैं, जिनके उत्पादन की कीमत छत्तीसगढ़ से काफी कम है। इसी कारण पोहे की सप्लाई काफी कम कीमत पर हो रही है। यही वजह है कि खरीदार छत्तीसगढ़ के मिलरों से पोहा लेने से हिचक रहे हैं। इसके चलते छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा पोहा मिलें संचालित करने वाले भाटापारा की हालत ऐसी है कि शहर की ज्यादातर मिलों में पहले तालाबंदी हो चुकी है। जो बची-खुची मिलें महीने में हफ्ता या 15 दिन काम कर ले रहीं हैं, उनके सामने भी आगे टिके रहना किसी चुनौती से कम नहीं रह गया है। उस पर सरकार की ओर से मिलों को लेकर जारी होने वाले नए फरमानों और हर कुछ दिन की आड़ में हो रही जांच ने मिल इंडस्ट्री की कमर और तोड़कर रख दी है। हालत ऐसी है कि पोहा मिलें कभी भी परिचालन से बाहर जा सकती हैं।

### प्रदेश का मुकाबला गुजरात और मध्यप्रदेश से सीधे

*गौरतलब है कि शहर के चार दशक पुरानी पोहा मिल इंडस्ट्री के सामने कई बार ऐसे हालात बने, जब लगा कि आगे या सर्वाइव कर पाएंगे या नहीं। हालांकि मिलें कई बार ऐसे प्रतिकूल माहौल से निपटने में कामयाब रहीं। ये संकट का ऐसा पहला मौका है, जिसके बारे में किसी ने कभी कल्पना भी नहीं की थी। इससे निपटना, मिलरों के बस में अब वैसे भी नहीं रह गया है।*

### भाटापारा पोहा मिलें अब महीने में हफ्ता 15 दिन ही चल रहीं, बाकी दिन बंद

*शहर में 150 से 200 पोहा मिल हैं। यहां नियमित उत्पादन के लिए रोजाना 35 हजार से 50 हजार कट्टा पोहा क्वालिटी के महामाया धान की जरूरत होती है। लेकिन समर्थन मूल्य पर खरीदी से आवक मंडी में महज 3 हजार से 5 हजार कट्टा धान की ही है। संकट इसलिए भी गहराया है क्योंकि आवक और भंडारण पर प्रशासन की सख्ती जबरदस्त है। ऐसे में भाटापारा की पोहा मिलों से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष तौर पर जुड़े 15-20 हजार कुशल और अकुशल श्रमिकों के भविष्य पर भी अनिश्चितता का खतरा मंडरा रहा है।*

# गुरु घासीदास बाबा के विचार सामाजिक समरसता की मजबूत नींव : भावना बोहरा

**पंडरिया/कवर्धा।** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में गुरु घासीदास बाबा के विचारों और संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण अवसर देखने को मिला, जब विधायक भावना बोहरा के ग्राम रणवीपुर स्थित निज निवास एवं विधायक कार्यालय में कैबिनेट मंत्री एवं सतनाम समाज के धर्मगुरु गुरु खुशवंत साहेब का आगमन हुआ। इस अवसर पर सतनाम समाज के प्रतिनिधि मंडल, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामवासियों द्वारा गुरु खुशवंत साहेब का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान गुरु खुशवंत साहेब एवं विधायक भावना बोहरा ग्राम गौरमाटी, डोंगरिया खुर्द, कुआँमालगी एवं बीजाभाटा में आयोजित गुरु प्रकाश पर्व एवं गुरु घासीदास बाबा जयंती समारोह में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान जैतखाम एवं गुरु गद्दी की विधिवत पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ प्रदेश की समृद्धि और प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की गई। गुरु खुशवंत साहेब जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के विचार आज भी समरस और समान समाज के निर्माण का मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने





कहा कि मनखे-मनखे एक समान का संदेश समाज को भाईचारे, समानता और आपसी सदभाव की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। गुरु प्रकाश पर्व समस्त मानव समाज के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, वैभव और ऐश्वर्य का प्रकाश लेकर आए, यही कामना है। विधायक भावना बोहरा ने इस अवसर पर कहा कि गुरु घासीदास बाबा जी सामाजिक चेतना और समता की अलख जगाने वाले युगदृष्टा संत थे। उनका संपूर्ण जीवन सत्य, अहिंसा और नैतिक मूल्यों के आधार पर समाज में सकारात्मक परिवर्तन का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि बाबा का मनखे-मनखे एक समान का विचार आज भी सामाजिक एकता और मानव मूल्यों की सबसे मजबूत नींव है। भावना बोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार गुरु घासीदास बाबा के विचारों और सतनाम समाज की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने समाज के युवाओं से आह्वान किया कि वे बाबा के आदर्शों को आत्मसात कर सामाजिक विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। विधायक ने यह भी कहा कि पंडरिया विधानसभा में सभी वर्गों और समाजों को साथ लेकर विकास कार्य किए जा रहे हैं। छात्राओं के लिए निःशुल्क बस सेवा, निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा, युवाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग जैसी योजनाएं गुरु घासीदास बाबा के आदर्शों से प्रेरित होकर ही लागू की गई हैं। उन्होंने सतनाम समाज के सहयोग और अपनत्व के लिए आभार व्यक्त करते हुए गुरु प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में 3भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सतनाम समाज के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक एकता और सकारात्मक जनसंदेश को और सशक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### शुक्र है कि अब पहले जैसी नहीं रही परिस्थितयां : किसान पूरण

**रायपुर।** पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम सिरकी में रहने वाले 90 वर्षीय किसान पूरण सिंह आज भी खेती-किसानी में सक्रिय हैं। बचपन से ही खेतों में मेहनत करते हुए उन्होंने अपनी पूरी उम्र इसी परंपरागत कृषि जीवन को समर्पित कर दी। 5 एकड़ जमीन पर खेती करने वाले पूरण सिंह जानते हैं कि सिंचाई साधन न होने के बावजूद धान का उत्पादन करना कितना कठिन काम होता है। वर्षों तक उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में मेहनत कर फसल खड़ी की, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती थी फसल को बेच पाना। वो समय याद करते हुए पूरण सिंह बताते हैं कि पहले उपार्जन केंद्रों में किसानों के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं थी। धान बेचने बैलगाड़ियों से केंद्र तक जाना पड़ता था और कई-कई दिनों तक वहीं डेरा डालकर इंतज़ार करना पड़ता था। फसल बेच भी लेते थे तो उचित कीमत नहीं मिल पाती थी, जिससे उनकी मेहनत का पूरा मूल्य उन्हें नहीं मिल पाता था। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। पूरण सिंह खुशी के साथ बताते है कि अब टोकन घर बैठे मिल जाता है। उपार्जन केंद्र में पेयजल, बैठने की व्यवस्था, ठहरने की जगहसब कुछ है। किसानों को सम्मान मिला है। वे कहते हैं कि अब धान का समर्थन मूल्य मिलने के साथ ही अंतर राशि भी सरकार द्वारा दी जा रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार ने किसानों के कर्ज माफकिए और बकाया बोनस की राशि भी प्रदान की, जिससे किसानों को बड़ी राहत मिली है। आज 90 वर्ष की उम्र में भी किसान पूरण सिंह अपने अनुभव, मेहनत और बदली हुई व्यवस्था के सहारे खेती को नई ऊर्जा के साथ जारी रखे हुए हैं।

### दिव्यांग श्री महेश राम टंडन का आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

**रायपुर।** जिले के विकासखण्ड पिथौरा अंतर्गग्राम पंडरीखार निवासी श्री महेश राम टंडन 45 वर्ष की आयु में 80 प्रतिशत अस्थि बाधित दिव्यांग हैं। दिव्यांगता के कारण उन्हें कहीं भी नियमित काम नहीं मिल पा रहा था, जिससे परिवार के भरण-पोषण में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। सीमित साधनों और आवागमन की समस्या के कारण उनकी आजीविका के विकल्प भी बहुत कम थे। श्री महेश राम टंडने बताते है कि ऐसे समय में समाज कल्याण विभाग द्वारा उन्हें मोटराईज्ड ट्रायसायकल प्रदान की गई। यह साधन उनके जीवन में बदलाव का माध्यम बना। मोटराईज्ड ट्रायसायकल मिलने के बाद उनके लिए आने-जाने की समस्या काफी हद तक समाप्त हो गई। अब वे आसानी से बाजार जाकर किराना सामान ला सकते हैं और अपने घर पर ही छोटी दुकान के रूप में बिक्री करने लगे हैं। इससे उनकी आमदनी में निरंतर वृद्धि हुई है। नियमित आय होने से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ा है। आज श्री महेश राम टंडन अपने परिवार का भरण-पोषण सम्मानपूर्वक कर रहे हैं और आत्मनिर्भर नागरिक के रूप में पहचान बना चुके हैं। इस सहायता ने उन्हें नई दिशा दी है और आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ाया है। इसके लिए उन्होंने राज्य शासन एवं जिला प्रशासन तथा समाज कल्याण विभाग का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### सुकमा में धान खरीदी व्यवस्था सुदृढ़, किसानों को मिल रही सुविधा

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप सुकमा जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पूरी पारदर्शिता एवं सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर अमित कुमार के मार्गदर्शन में जिले के सभी 25 धान उपार्जन केंद्रों के माध्यम से किसानों से धान की खरीदी नियमित एवं व्यवस्थित रूप से की जा रही है।किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन द्वारा हर स्तर पर विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। धान विक्रय के साथ-साथ किसानों द्वारा रकबा समर्पण की प्रक्रिया भी तेजी से आगे बढ़ रही है। बीते तीन दिनों में 171 किसानों द्वारा 125.92 हेक्टेयर रकबा समर्पित किया जाना इस बात का प्रमाण है कि किसान शासन-प्रशासन की व्यवस्था पर भरोसा जता रहे हैं। सबसे अधिक रकबा समर्पण धान उपार्जन केंद्र कोंटा में दर्ज किया गया है।अवैध धान की आवक पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सख्त निगरानी तंत्र स्थापित किया गया है। जिले में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध गतिविधियों पर लगातार अंकुश लगाया जा रहा है। प्रशासन की इस सक्रियता से धान खरीदी प्रणाली में पारदर्शिता बनी हुई है और किसानों को उचित मूल्य के साथ सुरक्षित व्यवस्था का लाभ मिल रहा है।

### छत्तीसगढ़ में कई इलाकों में शीतलहर के आसार, तापमान में और गिरावट की संभावना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में ठंड का असर लगातार गहराता जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के कुछ हिस्सों में शीतलहर का असर दर्ज किया गया, वहीं आने वाले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक और गिरावट की संभावना जताई गई है। खासकर उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ के कई क्षेत्रों में शीतलहर की स्थिति बनने के संकेत मिले हैं। मौसम विभाग के मुताबिक दुर्ग जिले के कुछ स्थानों पर शीतलहर चली।

---

जनजातीय गौरव की स्वर्णिम विरासत

# मुख्यमंत्री साय ने किया गैंदसिंह नायक की प्रतिमा का अनावरण

- डबल इंजन सरकार से नक्सल क्षेत्रों में विकास की रफ्तार तेज़ : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय
- मुख्यमंत्री अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज के कार्यक्रम में हुए शामिल

रायपुर/ संवाददाता



छत्तीसगढ़ में जनजातीय समाज का इतिहास केवल समृद्ध नहीं, बल्कि अद्भुत रूप से प्रेरणादायी रहा है। यह इतिहास साहस, बलिदान, आत्मसम्मान और प्रकृति-संग जीवन दर्शन की अमूल्य धरोहर समेटे हुए है।इसी विरासत से हमें अपनी जड़ों पर गर्व करने, अन्याय के विरुद्ध डटकर खड़े होने और विकास की नई राह बनाने की सीख मिलती है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राजनांदगांव जिले के गोड़लवाही में अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी महासभा के द्वारा बिरसा मुण्डा 150वीं जन्म शताब्दी के कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर शहीद शिरोमणि गैंदसिंह नायक मूर्ति का अनावरण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और सांसद श्री संतोष पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में 1.21 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन एवं 1 करोड़ 52 लाख 97 हजार रूपए की लागत से निर्मित 50 सीटर प्री मैट्रिक छात्रावास भवन का लोकार्पण किया। गोड़लवाही से ग्राम उमरवाही तथा उमरवाही से करमरी तक सड़क चौड़ीकरण, गोड़लवाही में नवीन महाविद्यालय स्थापना और स्कूल परिसर में बाऊण्ड्रीवाल तथा अटल समरसता भवन निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर स्वामित्व योजना के तहत हितग्राहियों को अधिकार पत्र, प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत महिलाओं को गैस कनेक्शन का वितरण किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में नक्सलियों की मांद में प्रहार किया गया है। नक्सलवाद अब अंतिम सांसे गिन रहा है। विगत दो वर्षों में डबल इंजन सरकार के होने से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों में गति आयी है। उन्होंने कहा कि मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद के खात्मे के लक्ष्य के अनुरूप हम तेजी से आगे बढ़ रहे है। आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास के लिए कार्य किए जा रहे है। नियद नेल्ला नार योजना के माध्यम से 400 से अधिक ग्राम शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी, अधोसंरचना एवं विकास कार्यों से जुड़ रहे है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जनजातीय समाज के महानायकों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को समर्पित भव्य डिजिटल संग्रहालय का लोकार्पण राज्य स्थापना दिवस पर किया गया है। इस डिजिटल संग्रहालय में जनजातीय समाज द्वारा अंग्रेजों के विरूद्ध किए गए 14 बड़े विद्रोह का सचित्र चित्रण किया गया है। उन्होंने सभी से रायपुर पहुंचकर संग्रहालय का अवलोकन करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद पर आसीन श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जनजातीय समाज से है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जनजातीय समाज के विकास एवं क्षेत्र के विकास के लिए छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया और आज छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से गांव-गांव तक पक्की सड़कों का निर्माण करवाया और जनजातीय समाज के विकास के लिए आदिम जाति कल्याण मंत्रालय का गठन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समाज को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे है। महतारी वंदन योजना में 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपए की सहायता राशि दी जा रही है।

---

# छग से राज्यसभा में जाने राजनीतिक दलों में मंथन का दौर अब शुरू हुआ

- कांग्रेस के केटीएस तुलसी और रंजीत रंजन का कार्यकाल हो रहा समाप्त
- भाजपा समर्थित प्रत्याशी को मिलेगी जीत

रायपुर/ संवाददाता

संसद के उच्च सदन कहे जाने वाले राज्य सभा चुनाव को लेकर अब राजनीतिक दलों में मंथन शुरू हो गया है। देश के कई ख्यातिनाम राजनेताओं की तकदीर का फैसला होगा। वहीं छग में राज्य सभा सांसद केटीएस तुलसी एवं रंजीत रंजन का भी कार्यकाल समाप्त होने जा रहा है। छग में भाजपा का बहुमत है। जिसके चलते अब कई महत्वाकांक्षी नेता राज्यसभा में जाने के लिए प्रयासरत है। मिली जानकारी के अनुसार उच्च सदन कहें जाने वाले राज्य सभा के 2025 26 में कई सांसदों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। जिन राज्यों में राज्यसभा के चुनाव होने वाले है वे है बिहार, महाराष्ट्र, छग तथा पंजाब वहीं राष्ट्रीय दलों में विस चुनाव को लेकर भी कवायद तेज हो गई है। पश्चिम बंगाल पांडूचेरी सहित विस चुनाव अगले वर्ष होने वाले है। भाजपा में बंगाल को टारगेट में रखा हुआ है। महाराष्ट्र के राज्यसभा के सांसद शरद पवार एवं उपाध्यक्ष पीके हरिवंश का कार्यकाल समाप्त हो रहा है इसके अलावा अरविंद केजरीवाल पंजाब से राज्यसभा में जाने के लिए कोशिश कर रहा है बिहार में इस समय भाजपा का बहुमत है इसलिए फिल्म स्टार पवन सिंह सहित अन्य महत्वाकांक्षी नेता राज्य सभा में जाने के लिए कोशिश करेंगे। छग में अधिवक्ता केटीएस तुलसी तथा रंजीत रंजन का कार्यकाल भी अगले वर्ष समाप्त होने वाला है। छग में भाजपा का बहूमत है। कांग्रेस के कुल 34 विधायक है भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के अनुसार अभी हाईकमान से कोई निर्देश नहीं आया है यहां पर कुल अनुपालिक संख्या के आधार पर एक अनुपातिक एक सदस्य का निर्वाचन हो सकता है। भाजपा का बहुमत है इसके चलते भाजपा अपने आरएसएस समर्पित प्रत्याशी को प्रत्याशी बनाया जा सकता है।

---

### इस साल धान के रकबे और खसरे में कटौती को लेकर किसानों की आशंका है कि अगले साल सरकार खरीदी कम या बंद कर सकती है

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के प्रतिनिधियों ने आज दुर्ग ब्लाक के बोरी गारका के धान खरीदी केंद्र में किसानों से संवाद किया, किसानों ने बताया कि इस साल गिरदावरी में अनेक किसानों के रकबे और खसरे में कटौती की गई है इसके अलावा खेत में धान बोने के बावजूद रिपोर्ट में धान नहीं बोने की टिप्पणी दर्ज की गई है जिसके कारण किसानों को रिपोर्ट दुरूस्त कराने के लिए भटकना पड़ रहा है जिससे हजारों किसान धान बेचने से वंचित रह सकते हैं, किसानों ने आशंका जताई है कि सरकार की मंशा किसानों का पूरा धान खरीदी करने की नहीं है।

---

प्रदेश में कानून व्यवस्था बदहाल

# भाजपा के सुशासन की सरकार में धधक रहा छत्तीसगढ़:विनोद चंद्राकर

रायपुर। संवाददाता



पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा के कथित सुशासन की सरकार में आज छत्तीसगढ़ धधक रहा है। छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। पिछले 2 साल के कार्यकाल में ही भाजपा ने राज्य को पूरी तरह उद्योगपतियों के हवाले कर दिया है। स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, जिससे युवा वर्ग हताश व निराश होकर अपराध की ओर बढ़ रहे हैं। प्रदेश में नशे का अवैध कारोबार चरम पर है। राजधानी में ड्रग्स माफिया सक्रिय हो गए हैं। धर्मांतरण के नाम प्रदेश जल रहा है, हिंसक प्रदर्शन, तोड़फोड़ जैसी घटनाएं हो रही है, और इन घटनाओं पर अंकुश लगा पाने में साय सरकार पूरी तरह विफल साबित हो हुई है। छत्तीसगढ़ पूरी तरह अपराध का गढ़ बनकर रह गया है। श्री चंद्राकर ने कहा कि मोदी की गारंटी व साय का सुशासन केवल नाम का रह गया है। आज कोई भी वर्ग चाहे वह किसान, मजदूर, नौजवान, व्यापारी और खास कर महिलाएं सुरक्षित नहीं है। छोटी बच्ची से लेकर बुजुर्ग महिला तक सुरक्षित नहीं है। राजधानी सहित प्रदेशभर में अनाचार की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। इन घटनाओं से भाजपा सरकार जनता का भरोसा पूरी तरह खो चुकी है और प्रदेश में सरकार खिलाफ भारी जनाक्रोश है। 2023 की चुनाव में मोदी की गारंटी के नाम पर जनता से वोट लिया गया, लेकिन दो वर्षों में एक भी गारंटी पूरी नहीं की गई। किसान, युवा, महिलाएं, कर्मचारी और आदिवासी सभी वर्ग सरकार की नीतियों से नाराज हैं। पुलिस भर्ती, फारेस्ट गार्ड आदि भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी सामने आने से प्रदेश के पात्र युवाओं में गहरी नाराजगी है।

---

# मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार नवाचार से सार्वजनिक सेवा को नई दिशा....

रायपुर। संवाददाता

छत्तीसगढ़ में सुशासन की दिशा में हो रहे परिवर्तन और प्रशासनिक संस्कृति के सुदृढ़ होते स्वरूप को रेखांकित करते हुए आज मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार 2025-26 की घोषणा की । यह पुरस्कार राज्य के विभिन्न जिलों और विभागों द्वारा लागू किए गए उन नवाचारों को सम्मानित करने हेतु दिए जाएंगे, जिन्होंने शासन व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुशासन एवं अभिसरण विभाग द्वारा स्थापित ये पुरस्कार इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि राज्य शासन सार्वजनिक प्रशासन के केंद्र में नवाचार, ठोस परिणाम और नागरिक हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। उन्होंने कहा कि शासन की गुणवत्ता को केवल मंशा या व्यय के आधार पर नहीं, बल्कि उसके वास्तविक, मापनीय प्रभाव, विस्तार-योग्यता और जमीनी समस्याओं के समाधान की क्षमता के आधार पर आँका जाना चाहिए। मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार इस नई प्रशासनिक सोच को संस्थागत रूप देने का प्रयास हैं, जहाँ तकनीक, संवेदनशीलता और संस्थागत सुधार मिलकर सार्वजनिक सेवा को सशक्त बनाते हैं। उन्होंने कहा कि सुशासन केवल नीतियों से नहीं, बल्कि निरंतर हो रहे नवाचारों से साकार होता है। परम श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर मनाए जा रहे सुशासन दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ में जनहित को केंद्र में रखकर विकसित किए गए उत्कृष्ट प्रशासनिक नवाचारों को सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार 2025-26 के विजेताओं की घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि शासन में नवाचार कोई विकल्प नहीं, बल्कि समय की आवश्यकता और प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक प्रणालियों को नागरिकों की अपेक्षाओं के अनुरूप गति, पारदर्शिता और विश्वसनीयता के साथ निरंतर स्वयं को ढालना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन नवाचारों के सम्मान की आज घोषणा की गई है, वे केवल व्यक्तिगत उपलब्धियाँ नहीं, बल्कि भविष्य-उन्मुख शासन के लिए अनुकरणीय और दोहराने योग्य मॉडल हैं।

---

### सेना के जवानों ने सिखा तनाव से पिजात पाने और खुश रहने का तरीका...

**रायपुर।** इन्टरनेशनल माइण्ड एण्ड मेमोरी मैनेजमेन्ट ट्रेनर ब्रह्माकुमार शक्तिराज सिंह के मार्गदर्शन में नवा रायपुर के सेक्टर-20 स्थित शान्ति शिखर में आर्मी के जवानों के लिए राजयोग मेडिटेशन का एक सत्र रखा गया। कार्यक्रम में कोसा के ब्रिगेडियर तेजिन्दर सिंह गाबा सहित बड़ी संख्या में सेना के अधिकारी और जवान सपरिवार उपस्थित थे। विषय था- हैप्पीनेस को हाय और टेन्शन को बाय.ब्रह्माकुमार शक्तिराज सिंह ने कहा कि तनाव से बचने के लिए मन में पैदा होने वाले विचारों की संख्या (क्वांटिटी) को कम करना है और उसकी गुणवत्ता (क्वालिटी) को बढ़ाना है। इस देश में माइण्ड को सेट करने का तरीका सिखलाने के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान के अलावा दूसरा कोई संस्थान नहीं है। माइण्ड को सेट करने के लिए राजयोग मेडिटेशन सबसे अच्छा तरीका है। जैसे मोबाईल की बैटरी को रोज चार्ज करते हैं, उसी प्रकार माइण्ड को भी रोज चार्ज करने की जरूरत है। रात को जब हम सोते हैं तो सिर्फ शरीर को आराम मिलता है किन्तु मेडिटेशन करने से आत्मा को शान्ति की अनुभूति होती है।उन्होंने आगे बतलाया कि ताली बजाना अच्छा एक्सरसाईज है। इसलिए कहते हैं कि ताली बजाओ रोग भगाओ।

---

# प्रधानमंत्री उज्वला योजना से बदली महिलाओं की रसोई धुएं से मिली मुक्ति.......



- सांस की दिक्कत और बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव उनकी रोजमर्रा की मजबूरी थे

रायपुर/ संवाददाता

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत आज चार पात्र हितग्राहियों को नि:शुल्क एलपीजी गैस सिलेंडर वितरित किए गए। सिलेंडर मिलते ही महिलाओं के चेहरों पर सुकून और खुशी साफ झलक उठी। यह खुशी केवल सुविधा मिलने की नहीं, बल्कि वर्षों से झेली जा रही कठिनाइयों से मुक्ति की थी। कच्चे मकानों में जीवन यापन कर रहीं राजेश्वरी साहू, मीना यादव, परमेश्वरी वर्मा और पावर्ती के लिए यह दिन सपने के साकार होने जैसा रहा। अब तक चूल्हे पर खाना बनाते समय धुएं से आंखों में जलन, सांस की दिक्कत और बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव उनकी रोजमर्रा की मजबूरी थे। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत स्वच्छ रसोई ईंधन उपलब्ध होने से न केवल रसोई का वातावरण बदला है, बल्कि घर-परिवार के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक असर पड़ा है। मेड़ेसरा निवासी श्रीमती राजेश्वरी साहू ने बताया कि नि:शुल्क एलपीजी कनेक्शन मिलने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाओं को सुरक्षित, स्वच्छ और किफायती ईंधन सुलभ हुआ है। आवेदन प्रक्रिया सरल रही केवल पासपोर्ट आकार का फोटो, निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड और बैंक खाते का विवरण जमा कर बिना किसी जमा राशि के कनेक्शन प्राप्त हुआ। इससे महिलाओं पर किसी तरह का आर्थिक बोझ नहीं पड़ा और घरेलू श्रम के साथ समय की भी बचत हो रही है। रवेली निवासी श्रीमती परमेश्वरी वर्मा ने कहा कि पहले चूल्हे के धुएं से छोटे बच्चों को भी परेशानी होती थी। अब गैस सिलेंडर मिलने से बच्चों को धुएं से राहत मिलेगी और भोजन जल्दी व सुरक्षित तरीके से बन सकेगा। वहीं, दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करने वाली मीना यादव ने बताया कि वे लंबे समय से इस सुविधा की प्रतीक्षा कर रही थीं। पहले आवेदन के बावजूद लाभ नहीं मिल पाया था, लेकिन अब वर्षों के इंतजार के बाद गैस कनेक्शन मिलने से उनके घर में खुशी का माहौल है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ग्रामीण और गरीब परिवारों की महिलाओं के जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला रही है। यह योजना केवल स्वच्छ रसोई का सपना ही साकार नहीं कर रही, बल्कि महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और जीवन स्तर को बेहतर बनाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत कदम भी सिद्ध हो रही है।

---

राज्यस्तरीय हॉकी प्रतियोगिता मुस्कान हॉकी कप

# वनांचल क्षेत्र बोड़ला की बेटियाँ देश का नाम रोशन कर रही हैं-उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा....

रायपुर/ संवाददाता



नगर पंचायत बोड़ला में आयोजित चार दिवसीय मुस्कान हॉकी कप राज्यस्तरीय हॉकी प्रतियोगिता 2025-26 में उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने राज्यभर से आए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनकी खेल भावना, अनुशासन तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बोड़ला की अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ममतेश्वरी लहरे, राजनांदगांव की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अनिशा साहू, कोच श्री चौहान सहित अन्य प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों ने अपने समर्पण और मेहनत से जिले, प्रदेश और देश का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आवश्यक बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के विकास से बोड़ला को हॉकी के एक सशक्त केंद्र के रूप में स्थापित किया जाएगा। अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि वनांचल क्षेत्र बोड़ला की बेटियाँ हॉकी में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं, जो कबीरधाम जिले और छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। ऐसी राज्यस्तरीय प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों के आत्मविश्वास, तकनीकी कौशल और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को निखारने में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत बोड़ला में मिनी स्टेडियम का निर्माण किया गया है और खिलाड़ियों एवं नागरिकों से सुझाव आमंत्रित किए कि किन अतिरिक्त सुविधाओं का विकास किया जाए, ताकि प्रशिक्षण और अभ्यास का बेहतर वातावरण मिल सके। साथ ही, जिले के विद्यालयों में स्मार्ट क्लास सुविधाएं विकसित की जा चुकी हैं और शीघ्र ही बोड़ला के विद्यालयों में भी स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध होगी। उल्लेखनीय है कि वनांचल क्षेत्र बोड़ला हॉकी सहित अन्य खेलों की प्रतिभाओं के लिए जाना जाता है। यहां के सैकड़ों खिलाड़ी नियमित अभ्यास कर रहे हैं और कई का चयन भारतीय टीम तक हो चुका है। मुस्कान हॉकी कप जैसी प्रतियोगिताओं से क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति नई ऊर्जा, उत्साह और लक्ष्यबद्धता का संचार हुआ है।

# बदहाल जर्जर अत्यधिक खस्ताहाल प्रवेश द्वार के सड़क के पुनर्निर्माण के लिए कांग्रेस ने दिया कलेक्टर को ज्ञापन



■ गढ़बेंगाल चौक से बखरूपारा चौक तक के सड़क, किसकी स्पष्टता नहीं, जनता परेशान धुल गड्ढों से

**नारायणपुर।** जिला मुख्यालय एवं अबुझमांड का प्रवेश द्वार बखरूपारा चौक से गढ़बेंगाल चौक तक की सड़क अत्यधिक खस्ताहाल गड्ढों धुल से जिले की जनता राहगीरों को इस मार्ग से चलना मजबूरी हो गयी है, सालों से खराब पड़ी सड़क दो विभागों की झगड़े में फंसा है इससे इस मार्ग में चलने वाले राहगीर या तो एक्सीडेंट के शिकार हो रहे है या धुल गुब्बारों से परेशान हो रहे हैं। नेशनल हाइवे और पीडबलूडी विभाग के आपसी मत भेद का खामियाजा जनता भोग रही है, प्रशासन खराब खस्ताहाल सड़क को जल्द से जल्द बनाने या रिपेरिंग कर चलने योग्य बनाने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश दीवान के नेतृत्व मे कलेक्टर नम्रता जैन को ज्ञापन सौंपा गया है कलेक्टर नम्रता जैन ने आश्वासन दिया है की जल्द इस मार्ग को बनाया जाएगा। राजेश दीवान ने बताया की जल्द से जल्द एक सप्ताह मे इस मार्ग को नहीं बनाया गया तो शासन प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर आंदोलन किया जाएगा। 4 माह पहले भी इस मार्ग को लेकर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने गढ़बेंगाल चौक मे चक्काजाम कर आंदोलन किया गया था इस चक्काजाम में जिले भर के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित हुए थे एवं नगरवासी अपना दुकान बंद कर चक्काजाम आंदोलन का समर्थन किया था। पूर्व आंदोलन चक्काजाम मे जिले के अपर कलेक्टर पंचभोई बहादुर ने अस्वासत किया था जल्द इस मार्ग का रिपेरिंग कराया जायेगा। ज्ञापन सौपने के दौरान प्रदेश कांग्रेस महासचिव रजनू नेताम, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश दीवान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रघु मानिकपुरी, जिला कांग्रेस सचिव संजय राय, वी पी शुक्ला खेल प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष गुड्डू राव, नगर पालिका पूर्व उपाध्यक्ष प्रमोद नैलवाल, पार्षद विजय सलाम एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने किया बंधुआ तालाब और सामुदायिक शौचालय का औचक निरीक्षण





■ तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य को तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश

**नारायणपुर।** कलेक्टर नम्रता जैन ने शहर के बीच में स्थित बंधुआ तालाब एवं नया बस स्टैंड स्थित सामुदायिक शौचालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बंधुआ तालाब में चल रहे वॉकवे निर्माण कार्य का जायजा लिया और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष कोर्राम ने कलेक्टर को जानकारी दी कि 52 एकड़ क्षेत्र में फैले बंधुआ तालाब के चारों ओर लगभग 1600 मीटर लंबा वॉकवे निर्माणाधीन है। इस पर कलेक्टर ने निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर जैन ने ठेकेदार से निर्माण की प्रगति की जानकारी लेते हुए आगामी सोमवार से पेवर ब्लॉक का कार्य प्रारंभ करने, दोनों ओर से एक साथ कार्य बढ़ाने तथा मजदूरों की संख्या में वृद्धि कर एक सप्ताह के भीतर स्पष्ट प्रगति दिखाने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सीएमओ को तालाब की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने और सौंदर्यीकरण कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए। इसके पश्चात कलेक्टर नम्रता जैन ने नया बस स्टैंड स्थित सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण कर साफ-सफाई, पानी की उपलब्धता सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने दो नवनिर्मित शौचालय भवनों को शीघ्र हैंडओवर कर संचालन में लाने तथा एक भवन को महिलाओं के लिए आरक्षित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम नारायणपुर अभयजीत मण्डावी, नगर पालिका के अभियंता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दंतेवाड़ा योग प्रतिनिधि को स्वामी रामदेव का आशीर्वाद मिला



**किरंदुल।** हरिद्वार स्थित योगपीठ में आयोजित विशेष प्रशिक्षण शिविर ने देशभर से आए संगठन कार्यकर्ताओं को योग और आयुर्वेद की बारीक जानकारी दी गई। इसी क्रम में दंतेवाड़ा जिले से भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी पारस ठाकुर तथा युवा भारत के तहसील प्रभारी एन. रामू ने शिविर में भाग लेकर योग ऋषि स्वामी रामदेव के सानिध्य में योग शिक्षा प्राप्त की और आशीर्वाद लिया।इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने योग, स्वदेशी, राष्ट्रनिर्माण और स्वस्थ जीवनशैली को जन-जन तक पहुँचाने के लिए भारत स्वाभिमान और युवा भारत के कार्यकर्ताओं के योगदान की सराहना की। 19 से 22 दिसंबर तक आयोजित शिविर के दौरान पारस ठाकुर एवं एन. रामू ने दंतेवाड़ा जिले में भारत स्वाभिमान, पतंजलि परिवार एवं युवा भारत द्वारा किए जा रहे दैनिक योग कक्षा की रिपोर्ट, सामाजिक सेवा कार्य , योग, नशामुक्ति, स्वदेशी एवं जनजागरण से जुड़े कार्यों की जानकारी स्वामी रामदेव को दी। स्वामी रामदेव ने उनके प्रयासों की प्रशंसा करते हुए संगठन को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाने, युवाओं को योग से जोड़ने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया। इस भेंट को संगठन के लिए प्रेरणादायी बताते हुए पारस ठाकुर ने कहा कि स्वामी रामदेव का आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन मिलने से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है और आने वाले समय में दंतेवाड़ा जिले में योग एवं स्वदेशी आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। वहीं एन. रामू ने इसे युवाओं के लिए मार्गदर्शक क्षण बताते हुए कहा कि स्वामी रामदेव के विचार और मार्गदर्शन समाज सेवा के लिए नई ऊर्जा प्रदान करते हैं।

# समग्र शिक्षा के तहत नारायणपुर के विद्यार्थियों का नागपुर शैक्षणिक भ्रमण



**नारायणपुर।** समग्र शिक्षा के अंतर्गत विद्यार्थियों में विज्ञान सोच नवाचार और राष्ट्रीय विरासत के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उददेश्य से नारायणपुर जिले के चयनित छात्रों को 26 दिसम्बर को शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा गया। कलेक्टर नम्रता जैन, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल, जिला मिशन समन्वयक जी बी एस रेडडी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रताप मांडवी और नरेंद्र मेशराम भाजपा कार्यकर्ता ने हरी झंडी दिखाकर छात्रों को नागपुर के लिए रवाना किया। इसमें प्राथमिक स्तर के 10 छात्र-छात्राएं शामिल है भ्रमण के दौरान विद्यार्थी नागपुर महाराष्ट्र में रामन विज्ञान केंद्र, रेल म्यूजियम, जंगल सफारी क्षेत्रो का अध्ययन और अवलोकन करेंगे। समग्र शिक्षा द्वारा छात्रों में विज्ञान की समझ माइथॉलजी एवं वैज्ञानिकता में फर्क करने वैज्ञानिक सोच तथा नवाचार को प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण कक्षा से बाहर निकालकर सीखने का अवसर प्रदान करते हैं इससे विद्यार्थियों में जिज्ञासा तार्किक सोच और व्यवहारिक ज्ञान का विकास होता है उन्होंने नोडल अधिकारी सहायक कार्यक्रम समन्वयक कविता हिरवानी शिक्षकों गरिमा कुमार और मोहन वड्डे को विद्यार्थी की सुरक्षा समयबद्ध कार्यक्रम का विशेष ध्यान रखने के लिए निर्देश दिए। विद्यार्थियों को पेन और नोटबुक प्रदान करते हुए भ्रमण के दौरान देखी गई जानकारी तथ्यों और अनुभव को लिखित में संकलित करने की सलाह दी, ताकि यात्रा के बाद वे अपने अनुभवों को विद्यालय में साझा कर सके।

# बस्तर में तरल गांजा जब्त आरोपी भी गिरफ्तार

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में बस्तर पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। थाना बोधघाट पुलिस ने भारी मात्रा में प्रतिबंधित मादक पदार्थ हैश ऑयल/गांजा तेल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त किए गए नशीले पदार्थ की कीमत करीब 52 लाख 12 हजार 500 रुपये आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में जिले में नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने पूरी कार्रवाई के बारे में शुक्रवार को बताया कि 24 दिसंबर की शाम थाना बोधघाट पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अड़ावाल झंडा चौक के पास अवैध गांजा उत्पाद हैश ऑयल बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन और नगर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार डी. धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी लीलाधर राठौर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने बताए गए हुलिये के व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम अमित कुमार बाघ, उम्र 47 वर्ष, निवासी डिपो पारा चर्च के पास, जयपुर जिला कोरापुट (ओडिशा) बताया। आरोपी के कब्जे से दो बोतलों में भरा कुल 4.170 किलोग्राम हैश ऑयल/गांजा तेल बरामद किया गया। मौके पर नारकोटिक किट से परीक्षण में पदार्थ गांजा उत्पाद पाया गया। आरोपी ने पूछताछ में अधिक मुनाफे के लालच में बड़े शहरों में ऊंची कीमत पर बेचने की नीयत से तस्करी करना स्वीकार किया। कमर्शियल मात्रा होने के कारण आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे विशेष एनडीपीएस न्यायालय जगदलपुर में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## कांकेर जिले में घर वापसी की घटनाएं बढ़ी कोरर-लखनपुरी में चार लोगों ने अपनाया मूल धर्म

**कांकेर।** ग्राम बड़े तेवड़ा जिला कांकेर में हुई ग्रामीणों के बीच आपस में मारपीट, पुलिस पर पथराव, पुलिस के द्वारा उपद्रवियों पर बल प्रयोग और तीन चर्चों में हुए कथित हमलों के बाद जिले में मूल धर्म में वापसी की घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही है। आमाबेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत बड़ेतेवड़ा में घटित घटनाक्रम के बाद कांकेर जिले के विभिन्न इलाकों में सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में तेजी आई है। इसी क्रम में कोरर-लखनपुरी गांव में आयोजित एक हिंदू सम्मेलन के दौरान ईसाई समुदाय से जुड़े चार लोगों ने अपने मूल हिंदू धर्म में वापसी की। इस कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया और बड़ी संख्या में लोग आयोजन स्थल पर उपस्थित रहे। स्थानीय पत्रकार से मिली जानकारी के अनुसार, घर वापसी करने वाले ये चारों लोग पिछले लगभग चार वर्षों से ईसाई समुदाय से जुड़े हुए थे। सम्मेलन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कराई गई और परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार उनका स्वागत किया गया। ग्रामीणों द्वारा पैर धुलाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किए जाने का दृश्य आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहा। इस अवसर पर गांव के वरिष्ठ नागरिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा क्षेत्र के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

## राज्य युवा महोत्सव-2025 में कांकेर जिले की टीम ने किया शानदार प्रदर्शन

**कांकेर।** जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्य युवा महोत्सव-2025 का आयोजन बिलासपुर में संपन्न हुआ। महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा की उपस्थिति में किया। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि महोत्सव में राज्य के 33 जिलों से आए प्रतिभागियों ने कुल 14 विधाओं में सहभागिता की, जिनमें वाद-विवाद, पारंपरिक वेशभूषा, लोकनृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, कर्मा नृत्य, रॉक बैंड, एकांकी, लोकगीत, चित्रकला तथा कहानी एवं कविता लेखन जैसी विधाएं शामिल रहीं। इसमें लगभग 03 हजार प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें 1,016 महिला, 1,048 पुरुष प्रतिभागी एवं लगभग 01 हजार स्टॉफ सदस्य शामिल रहे। कांकेर जिले से कुल 90 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

# वीर बाल दिवस पर जिला कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित




**कोण्डागांव।** वीर बाल दिवस का आयोजन पूरे राज्य भर में किया गया। इस दिन दसवें सिख गुरु गुरु गोविन्द सिंह जी के वीर पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह के अद्वितीय बलिदान की स्मृति में वीर बाल दिवस को राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है। वीर बाल दिवस 2025 का राष्ट्रीय स्तर का मुख्य कार्यक्रम 26 दिसंबर को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बच्चों और युवाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका और योगदान को रेखांकित किया। इसी क्रम में जिला कार्यालय में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नई दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा कोंडागांव जिले की बालिका योगिता मंडावी को खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया, जिसका लाईव प्रसारण जिला स्तरीय कार्यक्रम में किया गया। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित उक्त कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने वीर बाल दिवस के इतिहास को याद किया और कहा कि हम सभी को इस घटना से प्रेरणा लेकर मातृभूमि के लिए रक्षा के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने बच्चों से कहा कि कठिन समय में पूरे धैर्य रखें और अपने गुरुजनों और माता-पिता के बताए रास्ते पर चलें। नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतू उसेण्डी ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु गोविन्द सिंह के वीर पुत्रों के अतुलनीय बलिदान को याद किया। साथ ही गुरप्रीत सिंह खालसा ज्ञानी गुरु ने दसवें सिख गुरु गुरु गोविन्द सिंह के वीर पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह के बलिदान के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के अंत में जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान ने आभार व्यक्त किया। इससे पहले जिला बाल संरक्षण अधिकारी नरेंद्र सोनी ने स्वागत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

# किरंदुल में हल्बा हल्बी आदिवासी समाज द्वारा की गई शक्ति दिवस समारोह का आयोजन



**किरंदुल।** अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज किरन्दुल द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रथम क्रांतिकारी अमर शहीद शिरोमणी गेंद सिंह नायक जयंती एवं शक्ति दिवस समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम हल्बा हल्बी आदिवासी ध्वज फहराया गया एवं दोपहर 3:00 बजे कलश यात्रा सामाजिक भवन गजराज कैम्प से रामपुर कैम्प, गाडर पुलिया, बस स्टैंड होते हुए प्रस्तावित गोंडवाना समाज भवन के समीप पहुंचकर समापन हुआ। मौके पर समाज के अध्यक्ष लोकनाथ चुरेन्द्र, पदाधिकारीगण, एवम समाज के सैकड़ों महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के द्वारा विकास नगर स्टेडियम में युवक एवं युवतियों को सम्मानित कर वीर बाल दिवस मनाया गया



**कोण्डागांव।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के द्वारा विकास नगर स्टेडियम में निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण लेने वाले युवक एवं युवतियों को सम्मानित कर वीर बाल दिवस मनाया गया अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के तत्वाधान में निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणथियों में ट्रांसजेंडर गंगाबाई नेताम ने राष्ट्रीय ट्रांसजेंडर खेल महोत्सव 2025 में दौड़ प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, इसी के साथ-साथ सांसद खेल महोत्सव में भी युवक एवं युवतियों ने कबडडी, दौड़, एथलेटिक्स और तवा फेंक में भी पुरस्कार प्राप्त किया स सभी विजेता प्रतिभागियों ने कहा की पूर्व सैनिकों द्वारा दिए गए प्रशिक्षण के कारण ही हमने यह जीत हासिल की है इसी कड़ी में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के द्वारा सभी विजेता प्रतिभागियों को वीर बाल दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया स बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने युवक एवं यूवतियों को बताया कि हर साल 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है, जो गुरु गोबिंद सिंह जी के दो छोटे साहिबजादों, बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी, के अद्वितीय साहस और शहादत को याद करता है, जिन्होंने धर्म की रक्षा के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी स भारत सरकार ने 2022 में इसे मनाने की घोषणा की थी ताकि उनकी वीर गाथा आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचे स जिला अध्यक्ष सूरज यादव ने युवाओं को बताया कि गुरु गोबिंद सिंह जी के सबसे छोटे पुत्रों, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह, को इस्लाम कबूल करने से इनकार करने पर दीवार में जिंदा चुनवा दिया गया था इतनी कम उम्र में ही इन साहिबजादों ने अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। इनका ये बलिदान इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में दर्ज हो चुका है। यह हमें प्रेरित करता है कि हम भी अपने जीवन में कठिनाइयों का सामना करते हुए धैर्य और दृढ़ता बनाए रखें। वीर बाल दिवस हमें राष्ट्रीय एकता और भाईचारे का संदेश देता है।

# जिला पंचायत सीईओ ने पारंपरिक बस्तर शिल्प संग्रहालय में शिविर का किया अवलोकन



**कोण्डागांव।** पारंपरिक बस्तर शिल्प संग्रहालय में बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और आगे बढ़ाने के उददेश्य से पारंपरिक बस्तर विधाओं पर आधारित पाँच दिवसीय कार्यशाला का जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई ने अवलोकन किया। कार्यशाला में उन्होंने प्रतिभागियों के कलाकृतियों को देखा और कार्यशाला की सराहना की। उल्लेखनीय है कि शिल्प नगरी के रूप में प्रसिद्ध कोंडागांव में आयोजित कार्यशाला में बस्तर अंचल के कुछ पुराने एवं प्रसिद्ध लोक कलाकारों की सहभागिता रही। कलाकारों द्वारा पारंपरिक शिल्प, लोककला और सांस्कृतिक विधाओं का जीवंत प्रदर्शन किया गया, जिससे युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर मिला। इस प्रकार की कार्यशालाएँ नई पीढ़ी को पारंपरिक कला सीखने और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### 9वीं सीनियर राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप में सरगुजा के दो खिलाड़ियों का चयन

अंबिकापुर। 9वीं सीनियर राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप 2025ङ्क26 का आयोजन 28 से 30 दिसंबर 2025 तक चंडीगढ़ में किया जा रहा है। इस



प्रतियोगिता के लिए सरगुजा जिले से दो खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ प्रदेश गतका टीम में हुआ है, जो जिले के लिए गौरव का विषय है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ टीम के सीनियर वर्ग में सरगुजा जिले से सुष्मिता चौहान एवं शिवरतन का चयन उनके निरंतर अच्छे प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। सरगुजा गतका कोऑर्डिनेटर रजत सिंह ने कहा कि गांधी स्टेडियम स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड में नियमित रूप से गतका का अभ्यास कराया जाता है, जहां से लगातार खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आगे चलकर खेलो इंडिया जैसे आयोजनों में भाग लेने का अवसर भी मिल सकता है।इस अवसर पर द गतका एसोसिएशन सरगुजा के सभी पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों ने चयनित दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने दो सड़क निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन



रायपुर/ महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज सूरजपुर जिले में दो सड़क विकास कार्यों को नई गति दी। उन्होंने भटगांव विधानसभा अंतर्गत ग्राम शिवसागरपुर में कासलगिरी से शिवसागरपुर तक 1.4 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर कार्य का शुभारंभ किया। इस सड़क निर्माण के लिए शासन द्वारा 119 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके पश्चात मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने ग्राम महेशपुर में 5.80 किलोमीटर लंबी सड़क के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के प्रारंभ अवसर पर पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य की शुरुआत की। यह सड़क सिलफीली राष्ट्रीय राजमार्ग-43 से महेशपुर होते हुए लटोरी तक जाती है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए शासन ने 1269 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि सुदृढ़ सड़क नेटवर्क से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा और शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों में आधारभूत संरचना के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, जिला एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### मरवाही में दिनदहाड़े चोरी का खुलासा, पारधी गैंग का एक आरोपी गिरफ्तार

मरवाही थाना क्षेत्र के वार्ड नं. 13 में दिनदहाड़े हुई बड़ी चोरी का पुलिस ने खुलासा किया है। 9 दिसंबर 2025 को अज्ञात आरोपियों ने



मात्र आधे घंटे में सूने मकान का ताला तोड़कर करीब 7.5 लाख रुपये के सोना-चांदी के जेवरात व नकदी चोरी कर ली थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मरवाही पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन के आधार पर भोपाल (म.प्र.) के पारधी गैंग का खुलासा हुआ। पूछताछ में आरोपी महराणा पारधी (26 वर्ष) ने अपने साथियों के साथ चोरी करना स्वीकार किया। उसके पास से 19 हजार रुपये व एक मोबाइल जब्त किए गए। मुख्य आरोपी पोंची उर्फयोगी पारधी, जसपाल सिंह पारधी तथा जेवरात खरीदने वाला आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम की इस कार्रवाई में मरवाही थाना और साइबर सेल की अहम भूमिका रही।

# 140 वें स्थापना दिवस पर आज जिला कांग्रेस ने पार्टी का झंडा वंदन किया

अंबिकापुर/देश की आजादी का संघर्ष कर उसे प्राप्त करने वाली कांग्रेस पार्टी के 140 वें स्थापना दिवस पर आज जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने राजीव भवन पार्टी के झंडा वंदन के साथ ही वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में कांग्रेस की भूमिका पर परिचर्चा आयोजित की। कांग्रेस के 140 वें स्थापना दिवस पर आज वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री सुरेन्द्र गुप्ता के द्वारा पार्टी का ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री सुरेन्द्र गुप्ता एवं श्री विमलेश सिंह को शाल-श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। परिचर्चा को प्रारंभ करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को कांग्रेस के इतिहास और महात्मा गांधी के द्वारा दी गई सत्याग्रह की शक्ति को विस्तार से समझाया। देश की मौजूदा सरकार देश के गरीब, किसान, नौजवान, महिला, दलित, आदीवासी, छोटे व्यापारी सभी को उसी तरह प्रताडित कर रही है जैसे अंग्रेजों ने किया था। ऐसी परिस्थिति में देश को बचाने के लिये कांग्रेस के समक्ष आज पुन: आजादी के संघर्ष के दौरान गांधीजी के द्वारा दिये गये सत्याग्रह के अस्त्र को आजमाने की परिस्थिति उत्पन्न हो गयी है। परिचर्चा के अंतिम उद्बोधन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री सुरेन्द्र गुप्ता ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढाते हुए कहा कि परिस्थिति विपरीत है, लेकिन विपरीत परिस्थिति में ही कांग्रेस निखरती है और देश को बचाने में सफल होती है। हम पुन: इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हमे संख्या नहीं एकजुट संघर्ष पर ध्यान केंद्रित करना है। इसी लाईन पर बोलते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री विमलेश सिंह ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा चिरस्थायी है। उंसे कोई फासीवादी विचारधारा नहीं मिटा सकती है। हम आशान्वित हैं अपने नेतृत्व से, युवा कार्यकर्ताओं के जोश से, वो पुन: देश एकजुट कर लेंगे। परिचर्चा के दौरान अपने उद्बोधन में पूर्व केबिनेट मंत्री श्री अमरजीत भगत ने कहा कि आज देश मे फासीवादी ताकतों के द्वारा उन्हीं परिस्थितियों का निर्माण किया जा रहा है, जो अंग्रेजों ने किया था। इसकी आड़ में मूल निवासियों के जल, जंगल,



जमीन को लूट कर, उन्हें बेदखल कर, उनकी संपत्तियों को पूंजीपतियों को सौंपा जा रहा है। कांग्रेस अपने संघर्ष की ताकत के बदौलत देश की फासीवादी सरकार के द्वारा पूजिपतियों को लाभान्वित करने के लक्ष्य से किये जा रहे इस काम को ध्वस्त कर देगी। देश की साम्प्रदायिक सद्भावना को समाप्त करने के पीछे के उद्देश्य को रेखांकित करते हुए निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि अंग्रेजों के बांटो और राज करो की नीति के विरुद्ध कांग्रेस ने वह मंच दिया जिसने देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने वाले सभी विचारधाराओं को एकजुट किया। आज वही स्थिति पुन: विद्यमान है। आज भाजपा ने देश में वही स्थिति उत्पन्न कर दिया है। लोग बंट गये हैं उसकी आड़ में भाजपा महिला अपराधों में संलग्न अपने नेताओं को बचा रही है, देश के संसाधनों को अपने व्यापारी मित्रों को लूटा रही है। लोगों के हक पर डाक डाला जा रहा है। इस विषम परिस्थिति से संघर्ष के लिए कांग्रेस देश को पुन: संगठित करने के लिए तैयार है। इस दौरान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री श्री द्वितेन्द्र मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस अपने आप मे एक ऐसी व्यवस्था है जो शोषण के विरुद्ध मानवता के स्थापना के लिए कार्य करती है। यही कारण था कि वो इस देश को आजाद करने के संघर्ष में सबसे प्रमुख आवाज़ बनी। आज देश एक विकट स्थिति में हैए जहाँ चुनाव जीतने के लिये पुन: देश मे विभाजन के बीज बोये जा रहे हैं। इस परिस्थिति से संघर्ष करने के लिए कांग्रेस पुन: कमर कस के तैयार है। पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं को विशेष रुप से संबोधित करते हुए पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस इस देश की ऐतिहासिक धरोहर है और हमे गर्व है कि हम इसकी विचारधारा से जुड़कर कार्य करते हैं। हमारी विचारधारा ही एकमात्र ऐसी राजनीतिक विचारधारा है जो कि बहुलता वाले इस देश को एक रख सकती है। परिचर्चा को ए0पी0 सांडिल्य,लक्ष्मी गुप्ता, आतिश शुक्ला ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष लोकेश कुमार ने किया।

## कुंवरपुर नहर रोड में बालू लोड टिपर ने इको कार को मारी ठोकर इको सवार ससुर दामाद घायल जिला अस्पताल रेफर

लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंवरपूर नहर रोड में 28 दिसंबर दिन रविवार की सुबह 7 बजे क्षेत्र में घना कोहरे होने के कारण बालू लोड टिप्पर ने इको कार को जोरदार ठोकर मार दी। इको कार क्रमांक सीजी 11,ङ्क 3603 में सवार बेलदगी निवासी पारस उम्र लगभग 22 वर्ष जिसके सिर में व पैर में गंभीर चोटें आई है व उनके ससुर भीखनाथ उम्र लगभग 45 वर्ष ग्राम बंधा के पैर में गंभीर चोटे आई है। ठोकर इतनी जोरदार थी कि इको कार का सामने के हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वही टीपर वाहन खेत में उतर गया।डायल 112 व लखनपुर पुलिस को स्थानीय पत्रकार के द्वारा सूचना किया गया है जिसमें 112 की टीम लगभग 30 मिनट के बाद आई। घायल ससुर दामाद को उनके परिवारजनों द्वारा अपने निजी वाहन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार हेतु ले जाया गया,जहां दोनों



घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। घटना के बाद टीपर चालक गाड़ी छोड़ मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

क्षेत्र में बिना नंबरों की मौत बनाकर सड़कों में दौड़ रही टीपर

जिले के उदयपुर और लखनपुर की सीमा पर स्थित रेड नदी से अधिकतर रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन में शामिल टीपर वाहन बिना नंबरों के सड़कों पर फर्राटे से दौड़ रहे हैं। जिस प्रकार से यह बिना नंबरों के ऊपर वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। मोटर व्हीकल एक्ट की खुलेआम खड़िया उड़ाई जा रही हैं। सड़कों पर बिना नंबरों के टीपर वाहनों पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई खनिज राजस्व व पुलिस विभाग के द्वारा नहीं की जा रही है।

## लखनपुर सामुदायिक भवन में कांग्रेस का 140 वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया

लखनपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने 140 वा स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया। कांग्रेश प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर सामुदायिक भवन लखनपुर 28 दिसंबर दिन रविवार को कांग्रेस के 140 वा स्थापना दिवस को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम कांग्रेस के सभी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, ब्लू सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्थापना दिवस के मौके पर कांग्रेसियों ने वोट और संविधान बचाने की शपथ ली। कांग्रेस के वक्ताओं ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा त्याग और बलिदान की यात्रा निरन्तर देश की एकता और प्रगति के लिए समर्पित हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस को बूथ लेबल में मजबूती प्रदान करने



का कार्य करते हुए वोट और संविधान बचाने की लड़ाई जारी रहेगी। विशेष गहन पुनरीक्षण (एस आई आर) के संबंध में समस्त विकासखंड के बीएलए से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए एवं कांग्रेस कमेटी के द्वारा संकल्प लिया गया कि बाबा साहेब अंबेडकर के द्वारा रचित संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्य के रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे वह बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करेंगे और जन-जन तक कांग्रेस की विचारधारा और इतिहास को बताएंगे। मुख्य रूप से विक्रमादित्य सिंह देव ब्लॉक अध्यक्ष कृपा शंकर गुप्ता, अमित सिंह देव, वीरेंद्र सिंह देव ,रमेश जायसवाल, मुजीब खान, इरशाद खान , मुकेश सिंह, अजहर राम चौधरी, जागरोपण यादव, राम सूजन द्विवेदी, अशफाक खान, बबलू माझावर ,रमेश साहू नंदलाल राजवाड़े व कांग्रेस के सभी सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बुधवारी फुट ओव्हरब्रिज में प्रकाश व्यवस्था का लोकार्पण किया उद्योग मंत्री व महापौर ने

कोरबा। उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने बुधवारी फुट ओव्हरब्रिज में निगम द्वारा की गई प्रकाश व्यवस्था कार्य का लोकार्पण किया, तो वहीं निहारिका सुभाष चैक एवं सर्वमंगला मंदिर के समीप स्थित वृद्धाश्रम में ऊर्जादक्ष इलेक्ट्रिक हीटर का शुभारंभ भी किया। इस मौके पर मेयर इन काउंसिल सदस्य अजय गोंड़, पार्षद पंकज देवांगन, राकेश वर्मा, नरेन्द्र पाटनवार, आकाश श्रीवास्तव, वैभव शर्मा, कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह, सहायक अभियंता विपिन मिश्रा आदि के साथ अन्य नागरिकगण उपस्थित थे। यहाँ उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बुधवारी बाजार से सड़क के दूसरी ओर स्थित पार्किंग तक पहुंचने के लिए मुख्य मार्ग पर पूर्व में फुटओव्हर ब्रिज का निर्माण कराया गया था, किन्तु फुट ओव्हरब्रिज के ऊपर प्रकाश व्यवस्था का अभाव था, ब्रिज में रात्रि के समय अंधेरा रहने से ब्रिज का उपयोग न होने एवं ब्रिज के ऊपर असामाजिक तत्वों द्वारा गलत गतिविधियाँ करने की संभावना बनी रहती थी। निगम द्वारा उक्त ओव्हरब्रिज में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था का कार्य करते हुए कलर लाईटें स्थापित की गई हैं, गुरूवार की रात्रि को उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर संजूदेवी राजपूत ने उक्त प्रकाश व्यवस्था का लोकार्पण किया, उन्होने जैसे ही स्वीच आन किया, वैसे ही सम्पूर्ण फुट ओव्हरब्रिज विभिन्न रंगों के प्रकाश से जगमगा उठा। सुभाष चैक एंव वृद्धाश्रम में इलेक्ट्रिक ताप हीटर का शुभारंभ- उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने निहारिका स्थित सुभाष चैक एवं सर्वमंगला मंदिर के समीप स्थित वृद्धाश्रम में ऊर्जादक्ष इलेक्ट्रिक हीटर का शुभारंभ किया।

## सूर्य प्रकाश मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का खिताब चिनियाँ ने जीता.......

रामानुजगंज। चिनियाँ खेल मैदान में आयोजित सूर्य प्रकाश मेमोरियल जनपद स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का फाइनल मुकाबला रविवार को खेला गया। फाइनल मैच पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा रामविचार नेताम की गरिमामयी उपस्थिति में चिनियाँ एवं तेतरडीह टीम के बीच हुआ, जिसमें चिनियाँ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तेतरडीह को 3-1 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। तेतरडीह की टीम उपविजेता रही।



न। क्षेत्रीय विधायक रामविचार नेताम द्वारा अपने दिवंगत पुत्र स्वर्गीय सूर्य प्रकाश नेताम की स्मृति में प्रतिवर्ष क्षेत्र में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष सूर्य प्रकाश मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का आयोजन जनपद स्तर पर किया गया। फाइनल मैच में चिनियाँ की टीम ने घरेलू मैदान का भरपूर लाभ उठाते हुए तेतरडीह टीम को 3-1 से हराकर विजय प्राप्त की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुष्पा रामविचार नेताम ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि नेताम परिवार सदैव क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहेगा। खेल न केवल शारीरिक विकास बल्कि मानसिक, सामाजिक विकास एवं सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम जिला, प्रदेश एवं देश स्तर पर रोशन करने का आह्वान किया। इस टूर्नामेंट में जनपद भर से कुल 44 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के लिए धमनी, आरागाही, आबादी एवं चिनियाँ चार खेल मैदानों का चयन किया गया था, जबकि समापन चिनियाँ खेल मैदान में हुआ। टूर्नामेंट में विजेता टीम चिनियाँ को ?41,000 नगद पुरस्कार तथा उपविजेता टीम तेतरडीह को ?25,000 नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी 44 टीमों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में ड्रेस किट वितरित की गई। आयोजन समिति में अध्यक्ष अमावस सिंह, सुनील सिंह, रामविचार सिंह, वीरेंद्र सिंह मरकाम, मंगल सिंह एवं राम प्रवेश सिंह सहित अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पिकअप वाहन में क्रूरता पूर्वक पशुओं की तस्करी करने वाले आरोपी के विरुद्ध लखनपुर पुलिस की कार्रवाई........

■ 21 नग मवेशी एवं घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन एवं आरोपी को गिरफ़्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी तत्कालीन सरपंच सुखसाय पोर्ते ग्राम कोरजा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसे दिनांक 19.09.2024 को रात्रि लगभग 09:30 बजे सूचना मिला कि गाँव के सेग्रीकेशन शेड कचरा गोदाम कैम्पस से एक पिकअप वाहन में मवेशियों को ठूँस-ठूँसकर लोड कर बुचड़खाना झारखण्ड लेकर जा रहे हैं। जानकारी पर प्रार्थी के साथ ग्रामवासी जय प्रकाश साहू, सुखदेव राजवाड़े, विनोद यादव, राकेश यादव, धनेश्वर साहू एवं रूपसाय राजवाड़े के द्वारा मिलकर रास्ता रोकने पर आरोपी पिकअप चालक पिकअप को कुछ दूर पर खड़ी करके भाग गया। जाकर देखे पिकअप में कुल 08 नग मवेशी को ठूँस-ठूँसकर गले एवं पैर में रस्सी बाँधकर क्रूरता पूर्वक लोड कर ले जा रहे थे। कुछ दूर पर सेग्रीकेशन शेड कचरा गोदाम के पास और 13 नग मवेशी थे, जिसे दूसरे पिकअप से ले जाने वाले थे। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना लखनपुर में अपराध क्र-231/24 धारा छत्तीसगढ़ राज्य कृषि पशु परीक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4,6,10, व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11 (घ) पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना दौरान मवेशी लोड पिकअप क्रमांक छ्व॥-01 स्नश्व-1923 को मौके पर जप्त किया गया। तथा उक्त कुल 21 नग मवेशियों को जप्त कर देखरेख व सुरक्षा हेतु कान्हा गोशाला केन्द्र, जमदेई को सुपुर्द किया गया है। जप्त वाहन की जानकारी परिवहन कार्यालय से प्राप्त किया गया, जो आरोपी



वाहन मालिक मो. फिरोज, पिता मो. शमीम अंसारी, निवासी फुटकल टोली, सिमलिया, थाना रातू, जिला राँची के नाम पंजीबद्ध होना पाया गया। उक्त पते पर राँची जाकर वाहन स्वामी को धारा 133 एम.वी. एक्ट का नोटिस देकर घटना दिनांक को वाहन चलाने के संबंध में जानकारी प्राप्त किया गया। जवाब में वाहन स्वामी मो. फिरोज ने स्वयं वाहन चलाना लेख किया है। आरोपी चालक मो. फिरोज नोटिस के माध्यम से थाना तलब कर पूछताछ की गई, आरोपी मो. फिरोज, पिता मो. शमीम अंसारी, उम्र 30 वर्ष आज़ाद बस्ती हुसैन नगर गुमला झारखंड के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने पर विवेचना में अग्रिम कार्यवाही करते दिनांक 27/12/2025 को विधिवत गिरफ़्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## एनसीसी बटालियन द्वारा वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में आयोजित

**कोरबा।** वन सीजी एनसीसी बटालियन द्वारा वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का समापन 28 दिसंबर को होगा। कैंप कमांडेंड कर्नल सेंथिल कुमार एस के नेतृत्व में निरंतर प्रात: सैन्य विषय के प्रशिक्षण अंतर्गत शस्त्र प्रशिक्षण, फायरिंग, नेवीगेशन, टेंट पिंचिंग, कवायद (ड्रिल), मैप रीडिंग आदि विषयों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के मोटिवेशनल व सुरक्षात्मक व्याख्यान कैडेट्स को दिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शिविर के दौरान इप्का कोरबा से आए फायर फाइटिंग टीम के सदस्यों फायर मैन सुनील कश्यप, प्रेम लहरे, मानसिंह ध्रुव, सोनुराम साहू, ग्रिजेश व प्रेमलाल साहू द्वारा कैडेट्स को सर्वप्रथम किसी भी प्रकार की आगजनी की घटना के समय सबसे पहले 101 नंबर डायल करने की सलाह दी तथा आग के प्रकार बताकर विभिन्न प्रकार की आगजनी की घटना के समय प्रयोग की जाने वाली सही अग्निशमन सामग्री जैसे पानी, ठोस कार्बन डाई आक्साइड आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण अमले ने इस दौरान विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की भी विस्तृत जानकारी कैडेट्स को दी। उनके द्वारा बताया गया कि आग लगने पर घटनास्थल के नजदीक भीड़ न लगने दें। इससे आपातकालीन अग्निशमन सेवा और बचाव कार्य में बाधा होती है।




# स्ट्रेस दूर करने के खाएं ये सुपर फूड्स

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी के कारण लोग बहुत सी चिंताओं से घिरे हुए हैं। वहीं ओवर थिंकिंग यानि जरूरत से ज्यादा सोचना तो एक गंभीर समस्या बन चुकी है। इसके कारण व्यक्ति तनाव में जल्दी ही आ रहे हैं। इससे बचने के लिए एक्सपर्ट्स द्वारा योग, मेडिटेशन व सकारात्मक सोचने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा डेली डाइट में कुछ बदलाव करके भी आप इस परेशानी से बच सकती है। चलिए आपको इस आर्टिकल में स्ट्रेस दूर करने के कुछ खास सुपर फूड्स के बारे में बताते हैं.

## दही

दही पाचन तंत्र मजबूत करने के साथ इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है। इसमें मौजूद गुड़ बैक्टीरिया कोर्टिसोल के स्तर को कम करने और संतुलित करने में मददगार होते हैं। ऐसे में तनाव कम होकर मन शांत होता है।

## ओटमील

पोषक तत्व व एंटी-ऑक्सीडेंट्स गुणों से भरपूर ओटमील दिमाग के लिए फायदेमंद होता है। इसके सेवन से दिमाग में सेरोटोनिन रिलीज होने में मदद मिलती है। सेरोटोनिन एक फील-गुड कैमिकल है जो मूड बेहतर करने में मदद करता है। ऐसे में चिंता व तनाव कम होने में मदद मिलती है। इसके अलावा यह पाचन तंत्र मजबूत करके बेहतर शारीरिक विकास करने में मदद करता है।

## ग्रीन टी

ग्रीन टी में थीनिन नामक एक एमिनो एसिड होता है। यह वजन घटाने के साथ स्ट्रेस कम करने में मदद करती है। इसके सेवन से दिमाग की कोशिकाएं बेहतर तरीके से काम करती है। ऐसे में इसे ब्रेन बूस्टर फूड कहा जाता है।

## डार्क चॉकलेट

डार्क चॉकलेट स्वाद के साथ सेहत बरकरार रखने में भी मदद करती है। इसके सेवन से मूड बेहतर ओ स्ट्रेस कम होने में मदद मिलती है। इसमें मौजूद पॉलीफेनोल कोर्टिसोल के स्तर को कम करने में फायदेमंद होते हैं। इसके अलावा डार्क चॉकलेट में शुगर की मात्रा बहुत कम होने डायबिटीज व वजन कंट्रोल रहता है। इसके अलावा इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स गुण चेहरे पर ग्लो लाने में भी मदद करते हैं।

## काजू

काजू विटामिन्स, मिनरल्स, आयरन, पोटैशियम व एंटी-ऑक्सीडेंट्स गुणों से भरपूर होता है। इसके अलावा यह जिंक का एक अच्छा स्त्रोत है जो चिंता और डिप्रेशन के लक्षणों को कम करने में मददगार साबित होता है। इसके इसके सेवन से बेहतर शारीरिक व मानसिक विकास होने में मदद मिलती है।



# दिमाग को जवान रखने में बेहद फायदेमंद है मेडिटेरेनियन डाइट

**आज के समय में हम अक्सर अपने खाने पीने की चीजों को लेकर थोड़ा सोचने लगे हैं। नॉन वेज लवर अक्सर यह दलील देते दिखाई देते हैं कि उनके भोजन में अधिक पोषक तत्व हैं जिसकी वजह से वह लंबे समय तक स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकते हैं। लेकिन हाल ही में अमेरिकन हेल्थ एसोसिएशन ने एक रिसर्च जारी की है जो हार्वर्ड टी एच चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के विशेषज्ञों द्वारा की गई है। यह रिसर्च बताती है कि दिन में 2 फलों की सर्विंग और 3 सब्जियों की सर्विंग आपको लंबे समय तक सेहतमंद रखती है। यानी नॉन वेज नहीं बल्कि वेज फूड ज्यादा फायदेमंद होता है। पर क्या सभी सब्जियां और फल फायदेमंद होते हैं।**

इस अध्ययन केलेखक कहते हैं कि बताई गई 5 सर्विंग की मात्रा का सेवन करना आपको कई पुरानी और भयंकर बीमारियों से बचाने का कार्य करता है। लेकिन इसका मतलब कतई यह नहीं है कि आप किसी भी तरह के फल और सब्जी का सेवन कर सकते हैं। सभी फल और सब्जी उतने गुणकारी नहीं होते। आइए, जानते हैं कि कैसे हुई यह रिसर्च और कौन से फल और सब्जी आपके लिए फायदेमंद हैं। मेडिटेरेनियन डाइट दिमाग को जवान रखने में बेहद फायदेमंद है। एक रिसर्च में वैज्ञानिकों ने मेडिटेरेनियन डाइट के उन सकारात्मक असर का खुलासा किया है, जो दिमाग पर पड़ते हैं। साथ ही उनका यह भी कहना है कि उसके साथ वेस्टर्न फूड को शामिल करने से बचना चाहिए क्योंकि उसके बाद यह नकारात्मक असर डाल सकता है।

## क्या है मेडिटेरेनियन डाइट?

प्लांट बेस्ड डाइट को मेडिटेरेनियन डाइट कहा जाता है। इसमें हर तरह की सब्जियां, फल और अनाज शामिल होते हैं। नट्स और सीड्स से इस डाइट को बेहतर बनाया जाता है। इसको फॉलो करने वाले लोग अपना खाना सिर्फ ऑलिव ऑयल में ही पकाते हैं।

## मेडिटेरेनियन डाइट का फायदा

शिकागो के रश यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर के वैज्ञानिकों ने मेडिटेरेनियन डाइट का हैरतअंगेज फायदा बताया है। वैज्ञानिक बताते हैं कि मेडिटेरेनियन डाइट लेने वाले लोगों का दिमाग अन्य के मुकाबले अधिक जवान रहता है। लेकिन यह असर तभी हो सकता है, जब सिर्फ इसी डाइट का इस्तेमाल किया जाए। इस डाइट में नाश्ते में एवोकाडो, अंडे, ताजे फल, फ्लैक्स सीड्स आदि लेने चाहिए।

## पश्चिमी डाइट मिलाने से हो सकता उल्टा नतीजा

इस रिसर्च में 1993-2023 तक 65 साल से ज्यादा उम्र के 5 हजार लोगों पर शोध किया गया था म्ड्स दौरान खास फूड्स और दिमागी सेहत पर उसके प्रभाव का उन्होंने आंकलन किया। इस संकलित डाटा के नतीजे से पता चला कि जो लोग मेडिटेरेनियन डाइट के पाबंद रहे, उनके दिमाग अन्य के मुकाबले 6 साल तक ज्यादा जवान रहे। वहीं जिन लोगों ने पश्चिमी डाइट में पिज्जा, बर्गर जैसे ज्यादा फूड्स खाए, उनके दिमाग पर नेगेटिव प्रभाव पड़ा।

## ये कॉम्बो हो सकता है नुकसानदेह

आहार विशेषज्ञ और शोधकर्ता डॉक्टर पूजा अग्रवाल ने कहा, 'मेडिटेरेनियन डाइट का बड़ा हिस्सा सब्जियों, फलों, मछली और अनाज पर आधारित होता है। यह इंसान की सेहत के साथ ही दिमाग को भी सकारात्मक तरीके से प्रभावित करता है। लेकिन जब उसके साथ तला खाना, मिठाई, रिफाइन्ड अनाज, लाल मांस और प्रोसेस्ड मांस शामिल किया गया तो हमने देखा कि डाइट का मेडिटेरेनियन हिस्सा खाने के फायदे कम हो गए। उन्होंने इस रिसर्च के नतीजे के बाद सलाह दी कि मेडिटेरेनियन डाइट का फायदा उठाने के लिए प्रोसेस्ड फूड्स और अन्य गैर सेहतमंद फूड्स, जैसे तले हुए भोजन और मिठाई के सेवन को सीमित करना होगा।

## फल और सब्जी जो है फायदेमंद

- हरी पत्तेदार सब्जियां, पालक, और सलाद पत्ता
- ऐसी सब्जियां जिनमें बीटा कैरोटीन मौजूद है।
- सिटरस फल और बैरीज।

## नट्स होते हैं कंप्लीट पैकेज

हालांकि, ऐसे बहुत से आलोचक हैं जो इस रिसर्च की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हैं। लेकिन हार्वर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में पोषण विभाग के अध्यक्षों में से एक वाल्ट विलेट नट्स को अधिक फायदेमंद इनके अंदर पाए जाने वाले पोषक तत्वों की वजह से मानते हैं।

ज्ञात हो कि नट्स में एंटीऑक्सीडेंट, अनसैचुरेटेड फैट, फाइबर, प्रोटीन, मिनरल्स, और फाइटोस्टेरॉल जैसे पोषक तत्व शामिल हैं। नट्स के इन्हीं पोषक तत्वों के आधार पर इन्हें एक कंप्लीट पैकेज भी कहा जाता है। यही कारण है कि यह एक स्वस्थ जीवन जीने का आधार माने जाते हैं। इसके अलावा एक रिसर्च में पीनट्स और पेड़ पर लगने वाले नट्स को भी उतना ही गुणकारी माना गया है। जितना की अखरोट आदि को। ऐसे में आप अगर चाहें तो ट्री नट्स का सेवन भी कर सकते हैं। इसमें आप हेजल नट्स, मैकाडामिया नट्स, पाइन नट्स, पिस्ता आदि को शामिल कर सकते हैं।

## नट्स के साथ यह भी जरूरी

हालांकि, प्रोफेसर विलेट नट्स के अधिक सेवन करने को लेकर भी लोगों को चेता रहे हैं। ऐसा ना हो कि आप इसके गुण जानकर अधिक मात्रा में इनका सेवन करना शुरू कर दें। इसलिए विलेट कहते हैं कि इसके साथ साथ आप दूसरे हेल्दी फूड पर विचार कर सकते हैं, जैसे योगर्ट, चिकन, पनीर, फलिया आदि। ध्यान रहे कि आपको एक हेल्दी प्रोटीन डाइट पर फोकस करना है।





# ब्रेन या नर्व डिसॉर्डर का संकेत है लगातार आंख फड़कना

अक्सर आंख फड़कती है तो लोग इसे शुभ या अशुभ संकेत के साथ जोड़ देते हैं जबकि यह किसी बीमारी का संकेत भी हो सकता है। जी हां, अगर लगातार आंख फड़क रही है तो वह किसी बीमारी की ओर इशारा हो सकती है। ऐसे में उसे हल्के में लेना आपकी सेहत पर भारी पड़ सकता है। चलिए आपको बताते हैं कि आंखों का फड़कना किन बीमारियों का संकेत है.

दरअसल, पलकों की मांसपेशियों में ऐंठन आने की वजह से इंसान की आंख फड़कने लगती है, जो नीचे - ऊपर दोनों पलकों में हो सकता है। मेडिकल में ऐसा 3 अलग-अलग कंडीशन में होता है- मायोकेमिया, ब्लेफेरोस्पाज्म और हेमीफेशियल स्पाज्म।

- मायोकेमिया के कारण आंख फड़कना लाइफस्टाइल से जुड़ा हुआ है, जिसमें नीचे वाली पलक पर असर पड़ता है। हालांकि इसे सही लाइफस्टाइल से इसे कंट्रोल किया जा सकता है।
- ब्लेफेरोस्पाज्म एक ऐसी गंभीर स्थिति है, जिसमें इंसान की आंख पर कुछ सेकंड, मिनट या घंटों तक फड़कती रहती है। इसमें ऐंठन इतनी ज्यादा होती है कि आंख खुलती तक नहीं। इसमें लोग चाहकर भी आंख को कंट्रोल नहीं कर पाते।
- हेमीफेशियल स्पाज्म बेहद गंभीर मेडिकल कंडीशन है, जो अनुवांशिक कारणों से हो सकती है। इसमें आपको डॉक्टर की सलाह लेने की जरूरत पड़ सकती है।

डॉक्टर्स के मुताबिक, डिस्टोनिया, बैन पल्सी, मल्टीपल सेलोरोसिस, सर्विकल डिस्टोनिया और पार्किन्सन जैसे ब्रेन या नरव्स डिसऑर्डर के कारण भी लगातार आंख फड़क सकती है। हालांकि लाइफस्टाइलमें सुधार करके आप इससे छुटकारा पा सकते हैं। इसके अलावा इन कारणों से भी आंख फड़कने की समस्या हो सकती है।

## अधिक तनाव लेना

दिनभर काम खत्म होने के बाद भी टेंशन में डूबे रहते हैं तो आपको भी आंख फड़कने की समस्या हो सकती है। स्ट्रेस से दूर रहने के लिए योग करें और हैल्दी डाइट लें।

## आंखों पर स्ट्रेस पड़ना

पूरा दिन कंप्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल या टीवी की स्क्रीन से चिपके रहने की वजह से आंखों पर दबाव पड़ता है, जिसके कारण आपको यह समस्या हो सकती है। आंखों को आराम देना बहुत जरूरी है। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा पलकें झपकाएं, आंखों पर बार-बार पानी के छिंटे मारे व आईज एक्सरसाइज करें।

## नींद की कमी

शरीर को पर्याप्त आराम नहीं मिल पा रहा तो इसके कारण भी आंख फड़कने की परेशानी हो सकती है। एक्सपर्ट के मुताबिक, हर व्यक्ति को रोज कम से कम 7-9 घंटे की नींद चाहिए होती है।

## कैफीन का अधिक सेवन

चाय-कॉफी में कैफीन की मात्रा बहुत अधिक होती है, जिससे शरीर को थकावट महसूस होती है। साथ ही इससे नींद में भी खलल पड़ता है। ऐसे में इसकी मात्रा कम करना ही आपके लिए बेहतर होगा।

## अल्कोहल

अल्कोहल से ना सिर्फ आंख फड़कने की दिक्कत बढ़ेगी बल्कि धुंधलेपन भी हो सकता है। साथ ही इससे शरीर के दूसरे अंगों पर भी असर पड़ता है।







# वजन कंट्रोल करने के लिए बेहद असरदार है गुड़-नींबू का आयुर्वेदिक नुस्खा

मोटापा सिर्फ पर्सनैलिटी ही नहीं बिगाड़ता बल्कि यह कई बीमारियों की जड़ भी है। शरीर की एक्स्ट्रा चर्बी कम करने के लिए लोग घंटों जिम में पसीना बहाते हैं लेकिन किसी से कोई खास फर्क नहीं पड़ता। ऐसे में आज हम आपको एक आयुर्वेदिक ड्रिंक बताएंगे जिससे ना सिर्फ वजन कम होगा बल्कि आप कई बीमारियों से भी बचे रहेंगे। वजन कंट्रोल करने में लिए गुड़-नींबू का आयुर्वेदिक नुस्खा बेहद असरदार है और आज हम आपको इससे ड्रिंक बनाने की रेसिपी बताएंगे।

## ऐसे बनाएं नींबू और गुड़ की ड्रिंक्स

- सबसे पहले नींबू को काटकर उसके बीज अलग कर लें।
- इसके बाद 1 गिलास पानी में 1 चम्मच नींबू का रस व थोड़ा-सा गुड़ डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इसे तक तक मिलाते रहे, जब तक गुड़ घुल ना जाएं।
- अब इस ड्रिंक को छानकर पीएं। आप चाहे तो इसमें पुदीने के पत्ते भी डाल सकते हैं।

## कब करें इस हेल्दी ड्रिंक का सेवन

सुबह खाली पेट इस ड्रिंक का सेवन चर्बी जलाने में मदद करेगा। पुदीना डालने से स्वाद व सेहत भी बरकरार रहेगी। साथ ध्यान रखें कि गुड़ की मात्रा सीमित रखें क्योंकि इसका अधिक इस्तेमाल ड्रिंक का स्वाद बिगाड़ देगा।

## कैसे काम करती है ये ड्रिंक?

- मिनरल्स, पोटेशियम, फाइबर, कार्ब्स और प्रोटीन जैसे पोषक तत्वों से भरपूर गुड़ मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देता है। साथ ही इससे पाचन तंत्र भी बढ़िया तरीका से काम करता है, जिससे शरीर में जमा हुआ फैट बाहर निकल आता है।
- वहीं, नींबू के एंटीऑक्सीडेंट, जिंक और सेलेनियम जैसे तत्व बॉडी को डिटॉक्स करते हैं और इम्यूनिटी व एनर्जी बढ़ाते हैं, जिससे वजन घटाने में काफी मदद मिलती है। इसके अलावा नींबू शरीर को हाइड्रेटेड रखता है और कोशिकाओं को डैमेज होने से बचाता है।

दरअसल, नींबू और गुड़ की ड्रिंक पीने से शरीर में विटामिन सी की कमी नहीं होती। साथ इससे शरीर को जिंक और एंटी-ऑक्सीडेंट्स मिलते हैं, जो मेटाबॉलिज्म के सा पाचन तंत्र को दुरुस्त करता है। ऐसे में रोजाना इसका सेवन वेट लूज में मदद करता है।

# एस आर हॉस्पिटल मीडिया ग्रुप का सालाना कैलेंडर जारी

**सांसद विजय बघेल ने विमोचित किया लोकतंत्र प्रहरी का कैलेण्डर**




**दुर्ग।** दुर्ग स्थित एस आर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के मीडिया यूनिट दैनिक लोकतंत्र प्रहरी का सालाना वार्षिक कैलेंडर शनिवार को विधिवत रूप से जारी किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल ने एक सादे समारोह में कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने एस आर हॉस्पिटल प्रबंधन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अस्पताल समाज सेवा और जनहित में सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने जनता की आवाज बनकर निरंतर सेवा भाव से कार्य करने के लिए अस्पताल प्रबंधन की प्रशंसा की। सांसद विजय बघेल ने एस आर हॉस्पिटल को कर्तव्य पथ पर निरंतर आगे बढ़ते रहने का आशीर्वाद दिया और भविष्य में भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की कामना की।

# जामुल में उमड़ा आस्था का सैलाबः 11,111 कलशों के साथ निकली भव्य यात्रा, आज से शुरू होगी डॉ. राघवाचार्य की श्रीराम कथा

**जामुल (अहिवारा)।** अहिवारा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले जामुल नगर में आज भक्ति और उत्साह का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। अवसर था नौ दिवसीय भव्य श्रीराम कथा के शुभारंभ का, जिससे पूर्व निकाली गई ऐतिहासिक कलश यात्रा ने पूरे नगर को 'राममय' कर दिया। इस यात्रा में छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अटूट श्रद्धा की अनूठी झलक दिखाई दी।

**11,111 माताओं-बहनों ने उठाया कलशः-** श्रीराम कथा के मंगल शुभारंभ पर आज नगर की 11,111 माताओं और बहनों ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर मंगल कलश धारण कर पदयात्रा की। गगनभेदी ÷जय श्रीराम÷ के उद्घोष और ढोल-नगाड़ों की थाप के बीच निकली यह यात्रा जिस मार्ग से भी गुजरी, वहां नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। श्रद्धालुओं के उत्साह से पूरा जामुल नगर भक्ति के रस में सराबोर नजर आया।





**सांस्कृतिक वैभव का प्रदर्शनः** कलश यात्रा की खास बात इसमें शामिल छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति रही। यात्रा के दौरान राउत नाचा, बस्तरिया नृत्य और पारंपरिक सुवा नृत्य की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। स्थानीय कलाकारों की टोलियों ने अपनी कला से इस धार्मिक आयोजन में चार चांद लगा दिए।

**स्वामी डॉ. राघवाचार्य करेंगे कथा वाचनः** बता दें कि यह भव्य श्रीराम कथा आज 28 दिसंबर से प्रारंभ होकर 6 जनवरी तक चलेगी। प्रख्यात कथावाचक स्वामी डॉ. राघवाचार्य जी महाराज अपने मुखारविंद से श्रीराम चरित के प्रसंगों का वर्णन करेंगे। आयोजन समिति को उम्मीद है कि आगामी दिनों में क्षेत्र और आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंचेंगे।

**सुरक्षा और उत्साहः** कलश यात्रा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। महिलाओं और युवाओं में कथा को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति ने सभी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# संगठन ही ताकत है -सांसद बघेल






## ठेका मजदूर संघ की सामान्य सभा

**भिलाई।** भिलाई में बैंक व बीमा कर्मचारी, अस्थायी एवं ठेका मजदूर संघ की प्रथम सामान्य सभा का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग सांसद विजय बघेल शामिल हुए।

बता दें कि संघ का उद्देश्य अस्थायी और ठेका मजदूरों को उनके अधिकार दिलाना है। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि संगठन में ही असली ताकत होती है। उन्होंने श्रमिकों से अपने संघ का पंजीयन कराने पर जोर देते हुए कहा कि पंजीकृत संगठन के माध्यम से ही अधिकारों की लड़ाई प्रभावी तरीके से लड़ी जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा श्रमिकों के हित में कई योजनाएं बनाई गई हैं, जिनका लाभ मजदूरों को मिलेगा।संसद विजय बघेल ने कहा कि ÷संगठन मजबूत होगा तो मजदूरों की आवाज मजबूत होगी। वहीं नवगठित संघ के अध्यक्ष विजय येचुरी ने कहा कि ठेका श्रमिकों को न्यूनतम वेतन तक नहीं दिया जा रहा है और संघ के माध्यम से उनकी आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में दल्ली राजहरा नगर में विशाल हिन्दू सम्मेलन संपन्न

**दल्लीराजहरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में दल्ली राजहरा नगर में विशाल हिन्दू सम्मेलन का भव्य एवं सफल आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामनामी समाज के प्रमुख रहे। विशेष अतिथि के रूप में कृष्ण शुभम महाराज (कथावाचक), डॉ. वर्णिका शर्मा (राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच) जितेन्द्र शर्मा (विभाग प्रचारक) की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ भारती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। मंच पर समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन कृष्णा साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान नन्हें कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं ने भारत की प्राचीन सभ्यता एवं योग पर प्रस्तुति देकर सम्मेलन में विशेष ऊर्जा का संचार किया। डॉ. वर्णिका शर्मा ने हिंदुत्व एवं हिन्दू कौन है विषय पर प्रकाश डालते हुए शताब्दी वार्ड के संकल्प के रूप में आव्हान किया कि भारत को यदि विश्वगुरु बनना है तो पंच परिवर्तन अपने परिवार में करना होगा। विषय को विस्तार से समझाया। रामनामी समाज द्वारा सात्विक (शाकाहारी) भोजन तथा भगवान श्रीराम जी के सिद्धांतों पर चलने का मार्गदर्शन दिया गया। कृष्ण शुभम महाराज ने हिंदुत्व को अपने भीतर कैसे आत्मसात किया जाए, इस विषय पर सारगर्भित विचार रखे। वहीं जितेन्द्र शर्मा ने अपने उदबोधन में बताया कि गुलामी के दौर में लोगों की मानसिकता ऐसी बना दी गई थी कि लोग गधा कह लो, पर हिन्दू मत कहो जैसी सोच के शिकार हो गए थे। इसी मानसिकता के विरुद्ध खड़े होकर डॉ. हेडगेवार ने देश में एक जनआंदोलन खड़ा किया, जो आज गर्व के साथ कहो हम हिन्दू हैं के रूप में एक विशाल जनआंदोलन बन चुका है। कार्यक्रम के अंत में आयोजन के संयोजक सौरभ लुनिया द्वारा आभार व्यक्त किया गया। सभी समाज प्रमुखों को गमछा एवं माँ भारती का छायाचित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम उपरांत माँ भारती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की आरती की गई।







# निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित, 140 से अधिक लोगों का निःशुल्क उपचार

**दुर्ग/** मेडिकल सर्विस सेंटर के द्वारा वार्ड 15, सिकोला बस्ती दुर्ग में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

रविवार को मेडिकल सर्विस सेंटर दुर्ग चैप्टर के द्वारा वार्ड 15, सिकोला बस्ती दुर्ग में सुबह 11से लेकर दोपहर 3 बजे तक फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस फ्री मेडिकल कैंप में डॉक्टर वंदना ठाकुर एमडी मेडिसिन एंड न्यूरोलॉजिस्ट, डॉक्टर प्राची अरोरा जनरल फिजिशियन के द्वारा 140 से अधिक लोगों का निःशुल्क उपचार किया गया एवं निशुल्क दवाइयां भी वितरण किया गया।

मेडिकल सर्विस सेंटर छत्तीसगढ़ की प्रभारी अनीता साहू ने बताया कि मेडिकल सर्विस सेंटर एक पंजीकृत राष्ट्रीय स्तर का सामाजिक-चिकित्सा स्वयंसेवी संगठन है। जिसमें स्वास्थ्य से जुड़े सभी चिकित्सा पद्धतियों और सभी श्रेणियों के स्वास्थ्य कर्मियों को शामिल किया गया है जो आपदा, संकट और स्वास्थ्य से वंचित लोगों के लिए पूरे देश भर में निशुल्क चिकित्सा शिविर और स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन करता है। इसी कड़ी में आज का यह निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया था।







इस निशुल्क चिकित्सा शिविर के आयोजन में दुर्ग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर जी के अरोरा, एमडी मेडिसिन, डॉक्टर करुणा कश्यप स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर रितेश वाल्मीकि शिशु रोग विशेषज्ञ एवं कई मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव का विशेष सहयोग रहा। इस निशुल्क चिकित्सा शिविर में मेडिकल सर्विस सेंटर दुर्ग चैप्टर प्रभारी अनीता साहू, ललिता, तिरित साहू, ओम प्रकाश, हर्षित कुमार, परमानंद साहू, नीतू साहू, राधा कौशल उपस्थित थे।

# विधायक ने सामाजिक भवन हेतु दिलाई स्वीकृति खपरीकला हेतु 6.50 व झिटिया हेतु 6.50 लाख

**परिक्षेत्र साहू संघ ने की विधायक से मुलाकात**

**डोंगरगांव नगर।** विधायक दलेश्वर साहू ने तहसील साहू संघ अंतर्गत जुड़े नवीन परिक्षेत्र खपरीकला के लिए परिक्षेत्रीय भवन हेतु 6.50 लाख व अधीनस्थ ग्राम झिटिया के लिए 6.50 लाख रू की स्वीकृति दिलाई है। इसी परिप्रेक्ष्य में विधायक निवास पर विधायक दलेश्वर साहू द्वारा परिक्षेत्रीय पदाधिकारी को दोनो कार्य की स्वीकृति आदेश की प्रति उपलब्ध कराया गया। परिक्षेत्रीय पदाधिकारियो ने इस कार्य की स्वीकृति दिलाने के लिए विधायक दलेश्वर का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया। विधायक दलेश्वर साहू ने विधानसभा क्षेत्र के शत प्रतिशत ग्रामो मे सामाजिक भवन बनाने के अपने संकल्प को पुनः दोहराया। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री अमरनाथ साहू, पूर्व तहसील अध्यक्ष व संरक्षक हेमंत साहू विशेष तौर पर उपस्थित थे। उक्त अवसर पर परिक्षेत्रीय अध्यक्ष मीलू राम साहू, संरक्षक सत्यप्रकाश साहू, निवेदन साहू, सचिव ओमेश साहू, उपाध्यक्ष उत्तरा बाई साहू, कोषाध्यक्ष पिताम्बर साहू, परमानंद साहू, अशोक साहू, दयाराम साहू, नेमीचंद साहू सहित समाज के अन्य प्रमुखजन उपस्थित थे।




# कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वय के आगमन पर भव्य स्वागत

**जिलाध्यक्ष विपिन यादव एवं जीतू मुदलियार का आगमन**

**डोंगरगांव नगर।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण, राजनांदगांव नवनियुक्त अध्यक्ष विपिन यादव एवं राजनांदगांव शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के प्रथम नगर आगमन पर स्थानीय कांग्रेसजनों ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर विधायक के निर्देशन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि नेताओं के मार्गदर्शन में कांग्रेस संगठन अधिक सशक्त होगा तथा जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा। विधायक दलेश्वर साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियाँ आम जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं और संगठन की एकजुटता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। उक्त अवसर पर जिला पंचायत सदस्यगण, जनपद सदस्यगण, मंडल अध्यक्षगण, सेक्टर अध्यक्षगण, बूथ प्रभारीजन सहित किसान कांग्रेस, अनुसूचित जाति एवं जनजाति, पिछड़ा वर्ग विभाग, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवादल, जनपद सदस्यगण, सरपंच, पार्षद एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# वीर बाल दिवस पर शौर्य साहस व बलिदान को नमन




**डोंगरगाव नगर।** जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के निर्देशानुसार एवं मंडल अध्यक्ष दीना पटेल के नेतृत्व में डोंगरगाव मंडल में वीर बाल दिवस सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सिख धर्म के महान गुरु गोविंद सिंह साहेब के साहिबजादे वीर बालक जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के अद्वितीय शौर्य, अपार साहस और अमर बलिदान को स्मरण करते हुए नमन किया गया। इस मौके पर भाजपानेता लक्ष्मीनारायण गुप्ता, स्वरूप चंद जैन, गुलशन हिरवानी, नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, रामकुमार गुप्ता, मंडल महामंत्रीद्वय हेमंत चोपडा व सतीश पांडे, पुरुषोत्तम साहू, ममता उइके, रितु सोनकर एवं महेश्वर साहू सहित भाजपा मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भिलाई में सीएनजी मॉकड्रिल, आपात स्थिति से निपटने का अभ्यास

**अब घर-घर पहुंचेगी पीएनजी गैस**

**दुर्ग/भिलाई ।** भिलाई के सेक्टर-07 स्थित परूशी एनर्जी में शनिवार को अडानी टोटल गैस लिमिटेड द्वारा एक वृहद सीएनजी मॉकड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य गैस आपूर्ति के दौरान किसी भी संभावित आपातकालीन स्थिति से निपटने की तैयारी को परखना और सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करना था।

**प्रोटोकॉल और बचाव का प्रदर्शनः** मॉकड्रिल के दौरान गैस रिसाव जैसी वास्तविक आपातकालीन परिस्थितियों का कृत्रिम दृश्य निर्मित किया गया। इसमें जिला प्रशासन, जिला फायर ब्रिगेड की टीम और अडानी टोटल गैस के सुरक्षा अधिकारियों ने समन्वय के साथ त्वरित और प्रभावी कार्रवाई का प्रदर्शन किया। अभ्यास के माध्यम से कर्मचारियों को सुरक्षा प्रोटोकॉल और बचाव के तरीकों के प्रति जागरूक किया गया।



**जल्द मिलेगी पीएनजी की सुविधा :** इस अवसर पर अडानी टोटल गैस लिमिटेड के अधिकारियों ने जिलेवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने बताया कि दुर्ग जिले के प्रमुख नगरीय क्षेत्रों में वर्तमान में सीएनजी (कंप्रेस्ड नेचुरल गैस) की आपूर्ति सुचारू रूप से शुरू हो चुकी है। अब अगले चरण में जिले में पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) की सुविधा शुरू करने की तैयारी है, जिसके माध्यम से जल्द ही पाइपलाइन के जरिए घर-घर तक रसोई गैस पहुँचाई जाएगी। कंपनी के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए ऐसी मॉकड्रिल्स समय-समय पर आयोजित की जाती हैं। इससे किसी भी आकस्मिक घटना की स्थिति में जान-माल के नुकसान को कम करने और तत्काल नियंत्रण पाने में मदद मिलती है। इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन के प्रतिनिधि और सुरक्षा विशेषज्ञ मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# वीर बाल रैली के माध्यम से चार साहिबज़ादों एवं माता गुजरी जी की शहादत को किया गया नमन

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ सिख समाज द्वारा बेमेतरा में वीर बाल रैली का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सिख समाज की जिला अध्यक्ष हरदीप सिंह राजा छाबड़ा, समाजसेवक बलवंत सिंह गुंबर, इंदर सिंह दत्ता, गुरु गोविंद सिंह स्टडी सर्कल के जिला अध्यक्ष हरजीत सिंह खनूजा, धर्म प्रचार कमेटी के सदस्य जगजीत सिंह पप्पू, अजमानी प्रीतम हुरा, गुरप्रीत कौर, शैली छाबड़ा, अनीस सलूजा, शासकीय कन्या शाला स्कूल प्रधान पाठिका कविता, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, रायपुर प्रभारी भाजपा संगठन राजेंद्र शर्मा, पार्षद गौरव साहू, पार्षद रोशन दत्ता एवं पार्षद विकास तंबोली ने हरी झंडी दिखाकर वीर बाल रैली को रवाना किया। वीर बाल रैली कन्या शाला स्कूल, भारत माता चौक से निकली, जिसमें स्कूलो के 600 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। रैली भारत माता चौक से होते हुए गुरु गोविंद सिंह चौक होते हुए गुरु रामदास लाइब्रेरी के पास समापन हुआ। यह आयोजन मात्र एक रैली नहीं, बल्कि गुरु गोविंद सिंह महाराज के चार साहिबज़ादों एवं माता गुजरी की अद्वितीय शहादत को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त प्रयास था। रैली के माध्यम से साहस, त्याग, धर्म और राष्ट्रभक्ति के संदेश को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाया गया।



स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक संजय तिवारी द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्रास मेमोरियल सेंटर के बाजू, जयस्तंभ चौक, रायपुर (छ.ग.)-492001 से मुद्रित करवाकर व गदा चौक, फरीद नगर रोड स्वर्गीय तुलाराम मेमोरियल स्कूल के पास सुपेला भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड-490023 से प्रकाशित। संपादक : संजय तिवारी, मो. 9200000214 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार), समस्त विवादों का निपटारा न्यायलीन क्षेत्र दुर्ग होगा। Email : loktantraprahrinews@gmail.com